CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 2 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 18 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल के नवाचारो से सीएमओ में स्वर्णिम युग की शुरुआत, राज उन्नति के माध्यम से हर महीने विकास कार्यों की समीक्षा

## शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य उन्नति के माध्यम से प्रदेश की 2000 करोड रुपए के विकास प्रोजेक्ट की समीक्षा की तथा वीसी के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों से संवाद किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भजनलाल शर्मा जब से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान हुए हैं तब से लेकर अब तक वह अपने नवाचारों, अपने अनेक ऐतिहासिक निर्णय को लेकर राजस्थान में ही नहीं बल्कि देशभर में चर्चित और लोकप्रिय हो गए है। मुख्यमंत्री शर्मा रोजाना नए उत्साह और नई सोच के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हैं और प्रदेश के लोगों के कल्याण तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए न केवल नई-नई जन कल्याणकारी योजनाएं जनता को समर्पित कर रहे हैं एवम उनके पारदर्शक ढंग से निश्चित अवधि में क्रियान्वयन के लिए भी ठोस कदम उठा रहे हैं जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं राजस्थान प्रदेश के गठन के बाद यह पहली बार देखने को मिला है जब मुख्यमंत्री का दफ्तर और आवास एक तरफ जहां सामूहिक मंथन और सामूहिक संवाद के माध्यम से लोगों के कल्याण और विकास के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार करके उनके सफल क्रियान्वयन के प्रयास



किया जा रहे हैं तो दूसरी तरफ पिछले 2 साल में प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े छोटे-बड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली और व्यवहार में पहले की तुलना में नयापन और ज्यादा उत्साह नजर आ रहा है जिसका बड़ा कारण यही बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नियमित रूप से प्रदेश भर के छोटे-बड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं उनसे संवाद करते रहते हैं और उनसे योजनाओं के बारे में फीडबैक लेते रहते हैं इसकी वजह से अधिकारियों और कर्मचारियों में अपनी ड्यूटी को लेकर ज्यादा सजग और गंभीर बने हुए हैं जिससे उनके कार्य करने की क्षमता में गजब की वृद्धि हुई है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने नवाचारों को लेकर आजकल काफी चर्चा में है मुख्यमंत्री शर्मा ने एक और नवाचार करते हुए अब राज उन्नति के माध्यम से प्रदेश में हर महीने विकास कार्यों, परियोजनाओं की समीक्षा करने के अलावा चयनित शिकायत करने वालों से संवाद करेंगे और प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर से भी संवाद करके उनसे जिले में चल रही विभिन्न तरह की योजनाओं के बारे में पूरा फीडबैक लेंगे राज उन्नति के माध्यम से यह बैठक हर महीने मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित की जाएगी इसी क्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री के दफ्तर में राज उन्नति के माध्यम से प्रदेश भर में चल रहे विकास कार्यों और विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने करीब 2000 करोड़ रुपए के विकास कार्यों और परियोजनाओं की समीक्षा की इसके अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों से संवाद किया इस मौके पर मुख्य सचिव श्रीनिवास मुख्यमंत्री के सचिव अखिल अरोड़ा सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव और अन्य कहीं बड़े अधिकारी मौजूद रहे ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी जिला कलेक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया संवाद

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर से बातचीत की मुख्यमंत्री शर्मा ने जिला कलेक्टर से बातचीत के दौरान केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में फीडबैक लिया तथा जिला कलेक्टर से ग्रामीण विकास और शहरी विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर बातचीत की मुख्यमंत्री शर्मा ने बातचीत के दौरान जिला कलेक्टर से सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सरकारी स्तर पर और क्या कदम उठाए जाने चाहिए इसके बारे में भी जिला कलेक्टर से सुझाव और सलाह ली मुख्यमंत्री शर्मा ने जिला कलेक्टर से बातचीत के दौरान यह भी पूछा कि लोगों के कल्याण और विकास के लिए तथा प्रदेश के विकास को और अधिक गति देने के लिए उनके मन में जो भी आईडिया हो और जो भी विचार हो वह खुलकर बताएं मुख्यमंत्री शर्मा ने जिला कलेक्टर से बातचीत के दौरान साफ कहा कि सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की योजनाओं का बेहतर तरीके से और ईमानदारी से संपादन हो और समाज में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे । यह सुनिश्चित करना जिला कलेक्टर का प्रमुख कार्य है इस कार्य में अगर जिला कलेक्टर को कहीं कोई बड़ा या कोई अड़चन सामने आ रही है तो वह खुलकर बताएं लेकिन मुख्यमंत्री शर्मा ने जिला कलेक्टर से साफ कहा है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए और अगर जिला कलेक्टर की निगाह में कोई गड़बड़ी या भ्रष्टाचार का मामला सामने आता है तो वे निडर होकर मुख्यमंत्री कार्यालय को बताएं ।

## पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव को लेकर पूरी तरह से एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं भजन लाल शर्मा

हालांकि निर्वाचन विभाग की ओर से प्रदेश में अभी पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव की तारीख डिक्लेअर नहीं की गई है लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद माना जा रहा है कि फरवरी मार्च में प्रदेश में पंचायत राज के चुनाव हो सकते हैं क्योंकि प्रदेश का निर्वाचन विभाग भी पंचायत राज चुनाव की तैयारी में युद्ध स्तर पर जुट गया है और राजनीतिक दल भी पंचायत चुनाव की तैयारी में व्यस्त हो गए हैं इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आगामी पंचायत राज चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की जीत के रास्ते को सुगम और आसान बनाने के लिए मुख्यमंत्री के तौर पर काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं । प्रदेश के हर जाति और बिरादरी के लोगों का दिल जीतने के लिए उन्होंने पिछले दो साल में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है पिछले 2 साल में मुख्यमंत्री के रूप में राजस्थान में सरकार ने जो निर्णय और ऐतिहासिक फैसले लिए उनकी चर्चा राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में हो रही है और एक मुख्यमंत्री के रूप में भजनलाल शर्मा ने खुद को पूरे देश में एक अच्छे और श्रेष्ठ मुख्यमंत्री के रूप में साबित करके दिखाया है और यह बात खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कह चुके हैं कि पिछले 2 साल में राजस्थान में भजनलाल सरकार ने काफी अच्छे कार्य किए हैं इसलिए आगामी पंचायत राज चुनाव में प्रदेश की जनता का सरकार के प्रति भरोसा और विश्वास बना रहे इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा नियमित रूप से प्रशासन से जुड़े अधिकारियों से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लेते रहते हैं मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश भर के लोगों से शिकायत पोर्टल के माध्यम से भी सीधा संवाद करके उनके समस्याओं को सुनते हैं और फिर उनके निदान का प्रयास करते हैं शनिवार को राज्य उन्नति के माध्यम से उन्होंने जिला कलेक्टर से योजनाओं का फीडबैक लिया तथा जिला कलेक्टर को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# भजनलाल शर्मा ने बजट को लेकर निवर्तमान सरपंचों से संवाद किया और कहा गांव के विकास में सरपंच रीड की हड्डी

### जिन सरपंचों का कार्यकाल पूरा हो चुका है उनसे बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए आवश्यक सुझाव लिए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगामी बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए ग्रामीण इलाकों में सरकार की ओर से और क्या-क्या किया जाना चाहिए किस तरह से गांव विकसित हो और किस तरह से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में खुशहाली आए इन सब के बारे में भजनलाल शर्मा ने शनिवार को निवर्तमान सरपंचों से बातचीत की बातचीत के दौरान निवर्तमानसरपंचों ने अपनी ओर से आवश्यक सुझाव भी मुख्यमंत्री को दिए सरपंचों ने ग्राम पंचायत की आर्थिक स्थिति को सुधारने जैसे विषयों पर भी अपनी सलाह दी बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरपंच राजनीति की पहली सीढ़ी होता है और गांव के विकास की रीड की हड्डी होता है सरपंच का अपना प्रभाव और अपना अस्तित्व राजनीति में ही नहीं होता बल्कि समाज में भी सरपंच का काफी प्रभाव



और अस्तित्व होता है गांव की दशा और दिशा बदलने में सरपंच की बड़ी भूमिका होती है इस बात को राजनीतिक दल भी जानते हैं और सरकार भी जानती है बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरपंचों से ग्राम विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और गांव की समस्याओं के बारे में बातचीत की इसके अलावा आधुनिक दौर में गांव को किस तरह से हाईटेक बनाया जा सकता है और गांव में रहने वाले लोगों के जीवन को कैसे और उन्नत बनाया जा सकता है इसके बारे में मुख्यमंत्री शर्मा ने सवाल जवाब किया मुख्यमंत्री शर्मा ने सरपंचों के अधिकार दायित्व जिम्मेदारी जैसे विषयों पर भी संवाद किया और सरपंच के चुनाव लड़ने में आयु और संतान की बाध्यता जैसे विषयों पर भी मुख्यमंत्री शर्मा ने सवाल जवाब किया जानकार लोगों का कहना है कि सरपंच के प्रभाव, अस्तित्व और सामाजिक प्रभाव के बारे में भजनलाल शर्मा अच्छी तरह से वाकिफ हैं क्योंकि शुरू में उन्होंने सरपंच पद से ही राजनीति की शुरुआत की थी । भजनलाल शर्मा खुद अटारी गांव के सरपंच रह चुके हैं इसके अलावा पंचायत समिति सभा सदस्य भी रहे हैं इसलिए पंचायत राज संस्थाओं से जुड़े हर छोटे-बड़े विषयों के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा के पास पूरी नॉलेज है लेकिन फिर भी प्रदेश भर में अलग-अलग जिलों में अलग-अलग भौगोलिक स्थित है अलग-अलग जिलों में अलग-अलग तरह की परेशानियां है और अलग-अलग जिलों में साक्षरता का प्रतिशत भी अलग-अलग है तथा प्रदेश के अलग-अलग जिलों में व्यापारिक औद्योगिक स्थितियां भी अलग-अलग तरह की है किसी जिले में खनन की अधिक गुंजाइश है तो किसी जिले में खेती का अच्छा माहौल है इसलिए प्रदेश के समुचित विकास और सर्वांगीण विकास के लिए और सामान विकास के लिए सरपंचों से लिए गए अनुभव और सुझाव सरकार के लिए बजट तैयार करने में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने शनिवार को सरपंचों के साथ काफी देर तक चर्चा की बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ऐसे मिल रहे थे जैसे वह खुद मुख्यमंत्री नहीं होकर सरपंचों मुख्यमंत्री की सादगी और उनके व्यवहार की सरपंचों ने खूब प्रशंसा की ।

# बजट की तैयारीः दिया कुमारी ने अधिकारियों को तीन दिन तक फील्ड में रहकर सुझाव संकलन के निर्देश दिए

**सार्वजनिक निर्माण विभाग, पर्यटन, संस्कृति महिला विकास इत्यादि विभाग से जुड़े अधिकारियों को तीन दिन तक फील्ड में रहकर आगामी बजट के लिए योजनाओं के संदर्भ में सुझाव संकलन के निर्देश दिए**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के पास वित्त मंत्रालय की भी जिम्मेदारी है प्रदेश की भजनलाल सरकार में अब तक राजस्थान विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किए गए वे सभी बजट दिया कुमारी की ओर से ही प्रस्तुत किए गए हैं । आगामी बजट भी वित्त मंत्री होने के नाते दिया कुमारी ही विधानसभा में प्रस्तुत करने वाली है। एक तरफ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए पिछले कई दिनों से लगातार सामूहिक मंथन और सामूहिक संवाद के माध्यम से विभिन्न विभागों और



क्षेत्र से जुड़े लोगों के सुझाव ले रहे हैं तो दूसरी तरफ दिया कुमारी भी बजट की रूपरेखा तैयार करने में काफी व्यस्त हैं । पिछले दिनों दिया कुमारी ने दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन्नन से मुलाकात करके प्रदेश के बजट के बारे में उनसे बातचीत की थी। दिया कुमारी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा भी है की सबसे पहले भी जितने भी बजट भजनलाल सरकार की ओर से प्रस्तुत किए गए वे सभी बजट ऐतिहासिक थे और बजट प्रस्तुत ही नहीं किए गए बल्कि बजट में अंकित की गई सभी बातों को पूरा भी किया गया है और आगामी बजट भी समावेशी और स्पर्शी होगा और काफी शानदार होगा इसलिए दिया कुमारी भी अपने स्तर पर बजट को शानदार और जानदार बनाने के लिए दिल और दिमाग से जुटी हुई है जानकारी के अनुसार दिया कुमारी के पास इस समय वित्त मंत्रालय के अलावा सार्वजनिक निर्माण विभाग पर्यटन विभाग संस्कृति विभाग और महिला और बाल कल्याण विकास विभाग की जिम्मेदारी है इसलिए आगामी बजट में अपने विभागों से जुड़ी योजनाओं और बजट घोषणा की रूपरेखा तैयार करने के लिए उन्होंने अपने अधीन विभागों के बड़े अधिकारियों से कहा है कि वह तीन दिन तक फील्ड में जाएं और लोगों से मुलाकात करें उनकी बातों को सुने उनके सुझाव ले और अपनी आंखों से भी मौके पर जाकर हकीकत देख कर विभाग से जुड़ी बजट की घोषणा की रूपरेखा तैयार करने के लिए सुझाव दें उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विशेष तौर पर फील्ड में जाने के निर्देश दिए हैं क्योंकि सड़क और भवन जैसे मुद्दे प्रदेश के विकास के लिए काफी जरूरी है प्रदेश में सड़कों की स्थिति को लेकर विपक्ष भी सत्ता पक्ष को अक्सर कटघरे में खड़ा करता रहता है इसलिए उन्होंने विभाग के अधिकारियों से कहा है कि वह खुद मौके पर जाएं और इलाके के संबंधित लोगों, सामाजिक संगठनों व्यापारिक संगठनों इत्यादि सभी से सुझाव ले और खुद भी मौके पर स्थिति को देखकर अपने स्तर पर सरकार को सुझाव दें ताकि बजट की योजनाएं और बजट की घोषणा तैयार करने में आसानी रहे

# मोदी ने देश को दी पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात, मालदा में स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशवासियों को एक बड़ी सौगात देते हुए देश में पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई । मालदा में मोदी ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह ट्रेन हावड़ा से गुवाहाटी तक चलेगी इसके अलावा पीएम मोदी ने मालदा में एक प्रशासनिक कार्यक्रम में 3250 करोड रुपए से अधिक की लागत वाली कई रेल और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसके अलावा पीएम मोदी ने चार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई यह ट्रेन उत्तर बंगाल में न्यू जुलाई गुड्डी और अलीपुरद्वार को भारत के दूसरे हिस्से से जोड़ेगी जानकारी के अनुसार देश में चल रही पिछली वंदे भारत ट्रेनों में चेयर सीट थी जिससे लोग केवल बैठकर ही सफर कर सकते थे लेकिन अब स्लीपर वाली वंदे भारत भी आ गई है भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को




180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के लिए बनाया गया है हालांकि इसके अधिकतम 120 से 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने की उम्मीद है । मोदी ने गुवाहाटी हावड़ा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को भी यहीं से वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाई । जानकारी के अनुसार आधुनिक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है और आधुनिक भारत की बढ़ रही परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित की गई है यह ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित है और यह ट्रेन हवाई यात्रा जैसा अनुभव यात्रियों को महसूस कर आएगी यह लंबी दूरी की यात्राओं को तेज सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक बनाएगी हावड़ा गुवाहाटी मार्ग पर यात्रा समय को लगभग 2.5 घंटे तक काम करके यह ट्रेन धार्मिक यात्रा और पर्यटन को भी काफी बढ़ावा देगी जानकारी के अनुसार वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की बर्थ में एरदोनॉमिक डिजाइन है जिसे विश्व स्तरीय सस्पेंशन सिस्टम द्वारा सपोर्ट किया जाता है जिसका उद्देश्य असाधारण रूप से आरामदायक सवारी प्रदान करना है ट्रेन में उन्नत कीटाणु नाशक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। यह 99 प्रतिशत कीटाणुओं को नष्ट करने में सक्षम है सभी यात्रियों को साफ सुथरा तौलिया और चादर उपलब्ध करवाई जाएगी। इसमें स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे पूरी तरह यात्रा के दौरान बंद रहेंगे जो ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने पर ही खुलते हैं । वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में मॉडर्न टॉयलेट दिया गया है जिसमें हाथ धोने के लिए नलों में सेंसर लगे हैं इस वॉशरूम में क्लीनिंग के लिए भी बेहतर सुविधा दी गई है ट्रेन में इमरजेंसी टॉकबैक यूनिट लगाई गई है इसके लिए भी ट्रेन में ही जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं आपात स्थिति में ट्रेन प्रबंधक और लोको पायलट से भी यात्री बात कर सकेंगे द्य भारतीय रेलवे ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का किराया भी जारी कर दिया है यह ट्रेन गुवाहाटी से हावड़ा के बीच चलेगी इस ट्रेन में 3 एसी में सफर करने के लिए 2300 रुपए जिसमें यात्रियों को खाना मिलेगा वहीं 2 एसी में सफर करने वाले यात्री के लिए किराया 3000 रुपए और 1 एसी का किराया 3600 रुपए निर्धारित किया गया है इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में भी अब सुशासन की बारी है और पूर्वी भारत के विकास से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने रामायण के पात्रों की वेशभूषा में मंच पर मौजूद बच्चों की सराहना की उन्होंने कहा कि हनुमान, सीता, राम और लक्ष्मण के रूप में बच्चों द्वारा रामायण के दृश्य जीवंत करना बेहद अद्भुत है और इसके लिए वह बच्चों को शुभकामनाएं देते हैं बंगाल सरकार को निशाने पर लेटे हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती घुसपैठ की है आप देखिए दुनिया के विकसित और समृद्ध देश हैं।

# पिछले पंचायत राज चुनाव में चुनाव खर्च नहीं बताने वालों को लेकर चुनाव आयोग सख्त, जिला कलेक्टरों से मांगी जाएगी सूचना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आगामी फरवरी और मार्च महीने में प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव होने की संभावना है प्रदेश के निर्वाचन विभाग ने चुनाव की तैयारी शुरू भी कर दी है। एक तरफ जहां मतदाता सूची को अपडेट किया जा रहा है तो दूसरी तरफ प्रदेश का निर्वाचन विभाग पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव लड़ने वाले उन उम्मीदवारों को लेकर इस बार सख्त कार्रवाई करने के मूड में है जिन्होंने वर्ष 2020 में आयोजित पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव में चुनाव खर्च का विवरण निर्वाचन विभागको नहीं दिया था। इस संदर्भ में जिन उम्मीदवारों ने पिछले चुनाव में अपने चुनाव खर्च के बारे में निर्वाचन विभाग को स्पष्ट जानकारी नहीं दी उनके आगामी चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने के बारे में निर्वाचन विभाग गंभीरता से सोच रहा है इसके लिए आवश्यक नियम और कानूनी पहलुओं की स्टडी की जा रही है फिलहाल प्रदेश के निर्वाचन विभाग ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों से उन उम्मीदवारों के बारे में पूरी जानकारी मांगी है जिन्होंने वर्ष 2020 का पंचायत राज चुनाव लड़ा लेकिन अपने चुनाव खर्च का ब्यूरो अब तक निर्वाचन विभाग को नहीं भेजा । जानकारी के अनुसार नियमों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च की संपूर्ण जानकारी लिखित में एक निश्चित अवधि में देनी होती है लेकिन प्रदेश में ऐसे बहुत से उम्मीदवार हैं जिन्होंने अब तक अपने चुनाव खर्च के बारे में किसी भी तरह की कोई जानकारी निर्वाचन विभाग के साथ शेयर नहीं की इसलिए ऐसे उम्मीदवारों का पता लगाने के लिए निर्वाचन विभाग ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को कहा है इसलिए कहा जा रहा है कि इस बार निर्वाचन विभाग उन उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर सकता है जो आगामी पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव लड़ेंगे लेकिन उन्होंने अपने पिछले चुनाव खर्च के बारे में लिखित में पूरा विवरण निर्वाचन विभाग को नहीं दिया प्रदेश में पंचायत राज चुनाव को लेकर प्रदेश की सभी राजनीतिक पार्टियों भी एक्टिव मोड पर नजर आ रही है।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
18 जनवरी, 2026

# वन राज्य मंत्री शर्मा के प्रतिदिन एक पेड़ लगाने के संकल्प के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर वन में हुआ पौधरोपण

## रेगिस्तान के नाम से पहचान रखने वाला राजस्थान आने वाले समय में हरियालो राजस्थान के रूप में बनाएगा पहचान - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा के एक पेड़ प्रतिदिन लगाने के संकल्प के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य शनिवार को कटी घाटी स्थित नगर वन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पंच गौरव के तहत एक जिला-एक वृक्ष में अलवर जिले में चयनित अर्जुन के एक साथ 730 औषधीय पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान अर्जुन वृक्ष उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई एवं महिला समूहों की महिलाओं को अर्जुन उत्पादों की किट भेंट की गई। पौधारोपण में आमजन एवं आईटीबीपी के जवानों व वन विभाग के जवानों की सक्रिय भागीदारी रही। पौधारोपण कार्यक्रम के शुभ अवसर पर स्थानीय महिलाओं ने मांगलिक गीत गाकर नृत्य किया, जिससे मंत्री शर्मा अभिभूत नजर जाए।

### प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरित होकर शुरू किया प्रतिदिन पौधारोपण

वन राज्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि दो वर्ष पहले आज के ही दिन वन विभाग का कार्यभार संभालने के साथ ही प्रधानमंत्री के नवाचार करने के आह्वान से प्रेरित होकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रतिदिन एक पौधा लगाने का संकल्प लिया था, जो निरन्तर जारी है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान को आगे बढाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 5 वर्षों में 50 करोड पौधे लगाने का लक्ष्य रखा, जिसके अंतर्गत प्रदेश में विगत वर्ष साढे सात करोड व इस वर्ष करीब 12 करोड पौधे लगाए जा चुके है, वोजिनकी सर्वाइवल रेट करीब 80' है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस ऊर्जा और विश्वास के साथ पौधारोपण किया जा रहा है इससे आने वाले समय में रेगिस्तान के नाम से पहचान रखने वाला राजस्थान आने वाले समय में हरियालो राजस्थान के रूप में जाना जाएगा।

## अलवर को दो वर्ष में मिली अनेक सौगात, बायोलॉजिकल पार्क में आएंगे 420 प्रकार के पशु-पक्षी

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के सकारात्मक रूख से अलवर को विगत दो वर्षों में अनेक सौगातें मिली हैं, जिसके तहत अलवर शहर को मातृ वन, गुरूनानक लंग्स वाटिका मूंगस्का, बायोलॉजिकल पार्क जैसी विभिन्न सौगाते दी गई है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महती भूमिका अदा कर रही है। उन्होंने कहा कि शहर में बनने वाला बायोलॉजिकल पार्क एनसीआर क्षेत्र का सबसे बडा पार्क होगा, जिसमें देश एवं विदेश से सात प्रकार की प्रजाति के बाघ लाए जाएंगे। इसमें अफ्रीका के जीराफ, लॉयन समेत 420 प्रकार की प्रजातियों के पशु-पक्षी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जल के संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए चार पॉइंट चिन्हित किए गए है, जिनमें अखैपुरा में जरखवाला, प्रतापबंध में जोहडी, भूरासिद्ध व भाखेडा में बडे एनीकट बनाए जाएंगे, इससे भूजल रिचार्ज होगा। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार निरन्तर सकारात्मक भाव से काम कर रही है जिसका परिणाम है कि सरिस्का अभयारण्य वर्तमान में 50 बाघों से गुलजार है। उन्होंने कहा कि जीनपूल की समस्या को दूर करने के लिए मध्यप्रदेश से बाघिन लाई गई है तथा आने वाले समय में और भी लाने के प्रयास किए जाएंगे।

सीसीएफ जयपुर रामकरण खैरवा ने कहा कि वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने प्रतिदिन एक पौधा लगाने की जो भीष्म प्रतिज्ञा ली है, जिससे वन विभाग एवं आमजन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और यह कदम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम साबित हुआ है। डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि भूरासिद्ध में पिछले वर्ष 10 हजार पौधे लगाने से हुई शुरूआत के तहत विगत वर्ष अलवर शहर में अब तक 9 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं तथा उनके सर्वाइवल की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही एनसीआर क्षेत्र में अब तक एक करोड पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि बायोलॉजिकल पार्क की डीपीआर की स्वीकृति जारी हो चुकी है। यहां लॉयन सफारी, टाइगर सफाई के साथ-साथ 420 तरह के जानवरों की प्रजाति रहेगी तथा देश व विदेशों से टाइगर लाए जाएंगे। साथ ही यहां वर्ल्डक्लास जानवरों का हॉस्पिटल भी बनेगा। उन्होंने बताया कि बटर फ्लाई पार्क के निर्माण की भी डीपीआर तैयार की जा चुकी है तथा सैकडों बटर फ्लाई की स्पेशिज लगाई जाएगी।

सीसीएफ सरिस्का संग्राम सिंह कटिहार ने आगन्तुकों का आभार जताते हुए कहा कि केंद्रीय वन मंत्री एवं वन राज्यमंत्री के मार्गदर्शन में सरिस्का अभयारण्य नई बुलंदियां छू रहा है। न केवल टाइगर की संख्या में वृद्धि हुई है बल्कि अभयारण्य के हरएक पहलू पर तेजी से सकारात्मक कार्य हो रहे हैं।

इस दौरान सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान, आईटीबीपी के कमाण्डेंट सुल्तान सिंह, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, संजय नरूका, महेश निहालवानी, जितेन्द्र राठौड, दिनेश गुप्ता, राजेन्द्र कसाणा, रोहिताश घांघल, धीरज जैन, सुमन चौधरी, संध्या मीणा, अंजू शर्मा, नरेश गोयल, प्रकाश अडिचवाल, डॉ. के.के शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी, आईटीबीपी के जवान, वन विभाग के जवान एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र किए वितरित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से तीस दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आरसेटी अलवर में किया गया था। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अग्रणी प्रबंधक बाबूलाल पालरिया रहे। मुख्य अतिथि जिला अग्रणी प्रबंधक बाबूलाल पालरिया ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण लेने के बाद अपना व्यवसाय शुरू कर सफलता के शिखर को छूने का प्रयास करें और उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से प्रशिक्षणार्थियों की जीवन शैली को नई दिशा मिलेगी एवं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संकाय सदस्य जयप्रकाश सिंघल ने बैंकिंग सम्बन्धी जानकारी दी और प्रशिक्षणार्थीयो को जीवन में कड़ी मेहनत और आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया। सभी प्रशिक्षुओ का मूल्यांकन नैसर की ओर से शशि यादव और शरद आर्य ने किया। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थीयो को संस्था की तरफ से प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर संकाय सदस्य रेणु जैन, कार्यालय सहायक हिमांशी शर्मा, राहुल अठवाल मौजूद रहे।

## सुदूर अंचल के बच्चों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

### भारत विकास परिषद, शाखा माही की अनूठी पहल, अभावग्रस्त बच्चों को वस्त्र व अल्पाहार वितरण

जयपुर टाइम्स

**बांसवाड़ा(निसं.)।** भारत विकास परिषद, शाखा माही द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के अभावग्रस्त बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय सेवा अभियान चलाया गया। परिषद की टीम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ली पाड़ा, कोठारिया पाड़ा एवं भंवर रोड, अमरथून में अध्ययनरत बच्चों को स्नेहपूर्वक स्वेटर वितरित किए, बालिकाओं को



फ्रॉक प्रदान की तथा सभी बच्चों को अल्पाहार कराया। इस अवसर पर परिषद द्वारा ठंड से बचाव के साथ-साथ बच्चों के संस्कार निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन, शिक्षा के महत्व, बड़ों के सम्मान एवं अच्छे संस्कारों से जुड़ी प्रेरक बातें सरल व आत्मीय भाषा में समझाई गईं, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास हुआ। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष हरिश्चंद्र कलाल, सचिव भुवनेश्वरी मालोत, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र जैन, संस्कार प्रभारी जय गिरिराज सिंह चौहान सहित आशा मित्तल, सरोज शाह, वंदना सेठ, सारिका मालोत, गीता पटेल, सुबोध मालोत, किशोर पाठक, नाकु डामोर, हरवीर सिंह चुंडावत, दिल प्रसाद शर्मा, नारायण लाल मीणा, दिव्या डामोर सहित अनेक सेवा-भावी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि भारत विकास परिषद का उद्देश्य केवल सेवा तक सीमित न रहकर समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक संवेदना, संस्कार और सहयोग पहुंचाना है। सेवा अभियान के दौरान बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने सभी कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और आत्मिक संतोष प्रदान किया।

## नारी सृजन स्वावलंबन केन्द्र का उद्घाटन, सिलाई सहित कई प्रशिक्षण सुविधाएं

### प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का लक्ष्य

### एक दर्जन उद्योगों का दिया जाएगा प्रशिक्षण




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से खुदनपुरी रोड स्थित उजागर सिंह कॉलोनी में नारी सृजन स्वावलंबन केन्द्र का उद्घाटन समाजसेवी झाबरमल यादव ने किया। यहां प्रथम चरण में सिलाई व कढ़ाई के साथ जूट का सामान, गाय के गोबर से बने उत्पाद और खाद्य सामग्री का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केन्द्र में मशीनें व सभी सुविधाएं डूंगाराम यादव तथा मनी देवी की स्मृति में जेएमसीसी इन्फा प्रोजेकट लिटिमेड के डायरेक्टर झालबरमल यादव की ओर से प्रदान की गई है जिसमें निशुल्क प्रशिक्षण नेक कमाई की टीम देगी। इस अवसर पर नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नारी सृजन के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जा रहा है इसके तहत बहुत से प्रशिक्षण दिए जाएंगे। नारी सृजन कार्यक्रम के बारे में कार्यक्रम संयोजक रेखा महलावत ने महिलाओं से स्वालवंबी बनने का आह्वान किया। समाजसेवी झाबरमल यादव ने कहा कि एक महिला के स्वावलंबी होने से पूरे परिवार ही नहीं समाज और देश को लाभ होता है। यहां के बने उत्पादों को बाजार उपलबध कराने के भी प्रयास किए जाएंगे। इस तरह के नारी सृजन स्वावलंबन केन्द्र अलवर शहर में अन्य स्थानों पर भी खोले जाएंगे। शिक्षाविद राजेश लवानिया ने भी प्रशिक्षण के साथ महिलाओं से शिक्षा जारी रखने को कहा। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर महिलाओं को कंबल भी वितरित किए। केन्द्र संचालिका रेखा कर्दम ने बताया कि यहां 25 जरूरतमंद महिलाएं सिलाई व कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही हैं जिनका कोर्स तीन माह में पूरा होगा। गायत्री परिवार की प्रतिभा सिंह ने कहा कि इन परिवारों की बेटियों की पढ़ाई में पूरी सहायता की जाएगी। संचालन रेखा महलावत ने किया। नारी सृजन प्रोजेकट कोर्डिनेटर बिंदू कपूर हैं। नारी सृजन स्वावलंबन का मुख्य केन्द्र लाजपत नगर में शुरू किया जाएगा जहां एक दर्जन उद्योगों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है।

## निम्भोर में पहाड़ पीठ वाले हनुमानजी मेले एवं भंडारे में डॉ. मोहित जसवंत यादव शामिल

### ग्रामीण विकास व समाज सेवा पर संवाद, 8 लाख की लागत से निर्माणाधीन रनिंग ट्रैक का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स





**बहरोड़(निसं.)।** ग्राम पंचायत निम्भोर में आयोजित पहाड़ पीठ वाले हनुमान जी के मेले एवं भंडारा कार्यक्रम में डॉ. मोहित जसवंत यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से संवाद कर ग्रामीण विकास और समाज सेवा से जुड़े कार्यों की जानकारी साझा की। डॉ. मोहित जसवंत यादव ने मेला समिति को सहयोग प्रदान करते हुए स्थानीय स्तर पर सेवा कार्यों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांव में सड़क निर्माण, जलापूर्ति, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित विकास परियोजनाओं की प्रगति पर निरंतर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि ग्रामवासियों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव के समग्र विकास के लिए सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागिता से सामाजिक एकता, सद्भाव और समरसता को मजबूती मिलती है। आयोजन की सफलता पर उन्होंने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मोहित जसवंत यादव ने निम्भोर में विधायक कोटे से 8 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन रनिंग ट्रैक का निरीक्षण किया। यह ट्रैक युवाओं और बच्चों के खेलकूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। इस अवसर पर बस्तीराम यादव प्रधान प्रतिनिधि, सुरेश बेडी सरपंच निम्भोर, उदयसिंह सरपंच महाराजावास, रतिराम, विक्रम, रोहिताश सैनी पार्षद, मुनीम ठेकेदार, नरेन्द्र यादव ढुंढारिया, रामकिशन सहित पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई, 42 वाहनो को किया जप्त

**अलवर(निसं.)।** यातायात अलवर पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाली 05 मोडीफाईड साईलेंसर मोटर साईकिल व 09 ई-रिक्शा सहित कुल 42 वाहन जब्त कर कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कांबले शरण गोपीनाथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर व करण सिंह सीओ यातायात जिला अलवर के नेतृत्व में संजय शर्मा उ.नि प्रभारी यातायात शाखा जिला अलवर व राजेश उ.नि यातायात शाखा जिला अलवर व



मय जाप्ते के अलवर शहर में यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ एम वी एक्ट में कार्यवाही की गई। जिसमें पावर बाईक्स मोडिफाईड साईलेंसर लगी इन्फिल्ड मोटरसाईकिल जिनमें पटाखे छोड़ने, जानवरों की आवाज निकालने वाली 05 मोटरसाईकिल व 9 ई-रिक्शा वाहनों को मौके पर जप्त किया जाकर एमवी एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर मौके पर मोटरसाईकिल पर लगे मोडिफाईड साईलेंसरों को खुलवाया गया। उधर होप सर्कस, घंटा घर, पंसारी बाजार से नौ-पार्किंग में खडे कुल 09 वाहनों को जब्त किया गया। उक्त कार्यवाही के अलावा आर आर सर्किल पर चैकिंग अभियान चला कर 25 अन्य दुपहिया वाहनों को एम वी एक्ट के उलंघन में जप्त किया गया एवं इसके अलावा तीन सवारी, बिना हेलमेट, मोबाईल फोन पर बात करने, सीट बैल्ट लगाकर गाड़ी नही चलाने पर कुल 432 वाहनों के खिलाफ एमवी एक्ट के अन्तर्गत चालान किये गये। यातायात पुलिस ने लोगों को हिदायत दी है कि शहर के व्यस्तम बाजार होप सर्कस, घंटा घर, पंसारी बाजार, केडल गंज तथा नौ-पार्किंग क्षेत्र व आम सडक पर अपने वाहनों को खडा न करें।

## वन राज्य मंत्री शर्मा ने की शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में शिरकत

### रक्तदान को बताया महादान, जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रक्तदान शिविर एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम में शिरत की तथा जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण हेतु अधिकरियों को निर्देशित किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने अलवर में शहर में रक्तदान महादान फाउण्डेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों की हौसला-अफजाई की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है जो जरूरत पडने पर व्यक्ति को जीवनदान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऐसे आयोजनों में निरन्तर बढती भूमिका विकसित राष्ट्र के निर्माण में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा की भावना से आयोजित रक्तदान शिविर सराहनीय कदम है जिससे हमारी युवा पीढी को जीवमात्र की सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी।

### जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण करे निर्देश दिये। उन्होंने जनसुनवाई में आए पेयजल, विद्युत, सडक, पुलिस आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें।

### कम्बल वितरण कार्यक्रम में की शिरकत

उन्होंने संयुक्त व्यापारी महासंघ द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में शिरकत कर जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल वितरित किए। उन्होंने संयुक्त व्यापारी महासंघ द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को सर्दी से बचाव हेतु वितरित किए गए कम्बल के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करना मानवता की सेवा को दर्शाता है। इस दौरान अशोक गुप्ता सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## नाकाबंदी तोड़ने का प्रयास कर रहे बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़, गोली लगने से बदमाश घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के हनुमानगढ़ जिले में संगरिया थाना इलाके में नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे बदमाशों और पुलिस के बीच आपस में जोरदार मुठभेड़ हुई। बदमाशों की ओर से की गई गोलीबारी में संगरिया के इंस्पेक्टर अमर सिंह बाल बाल बच गए क्योंकि अमर सिंह ने बुलेट प्रूफ जैकेट पहनी हुई थी इसलिए बदमाशों की ओर से की गई गोलीबारी से उनकी जान बच गई लेकिन पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में गोली लगने से बदमाश राजवीर घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । जानकारी के अनुसार संगरिया थाना इलाके में सड़क मार्ग पर गाड़ी में सवार बदमाश राजवीर पुलिस की नाकाबंदी को तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा था पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन उसने अपनी गाड़ी की रफ्तार बढ़ा ली पुलिस ने उसका पीछा किया तो उसने पुलिस की टीम पर फायर किए मौके पर संगरिया पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर अमर सिंह बुलेट प्रूफ जैकेट पहने हुए थे इसलिए बदमाशों की ओर से की गई गोलीबारी से उनका शरीर साफ बज गया और उन्हें किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ लेकिन पुलिस की टीमों ने जवाबी फायरिंग की जिसमें गोली लगने से राजवीर घायल हो गया पुलिस ने घेराबंदी करके बदमाश राजवीर को पकड़ लिया है और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

## डेयरी की आड़ में एमडी की फैक्ट्री हो रही थी संचालित, पुलिस ने किया पर्दाफाश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के झालावाड़ जिले में मिश्रौली थाना इलाके मे गांव आमलिया में डेयरी की आड़ में एमडी फैक्ट्री का खुलासा पुलिस की ओर से किया गया है। पुलिस ने मौके पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर मौके से करीब 25 करोड रुपए कीमत की एमडी सामग्री साजो समान यंत्र उपकरण इत्यादि बरामद किए हैं तथा इस फैक्ट्री का संचालन करने वाले तीन अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है जिनके नाम नरेंद्र, गोपाल और एक अन्य व्यक्ति बताया गया है यह तीनों आरोपी फिलहाल पुलिस की पकड़ से बाहर है पुलिस ने इन फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए कई जगहों पर टीम भेजी है फरार अपराधियों के निकट के परिजनों मित्रों दोस्तों और रिश्तेदारों की गतिविधियों पर भी पुलिस कड़ी निगरानी रखे हुए हैं पुलिस की छापा मार कार्रवाई के दौरान मौके से जिस तरह से पुलिस को भारी मात्रा में एमडी की सामग्री यंत्र और उपकरण बरामद किए गए हैं उसे देखते हुए पुलिस को संदेह है कि इस फैक्ट्री से बड़े पैमाने पर एमडी की सप्लाई हुआ करती थी इसलिए पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है यह फैक्ट्री कब से संचालित थी और इस फैक्ट्री से कहां-कहां किस-किस को एमडी की सप्लाई की जाती थी तथा फैक्ट्री का संचालन करने वाले लोगों के संबंध किन-किन लोगों से है इन सभी सवालों के जवाब फरार आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद ही मिल पाएंगे ।

## दूदू में दर्जन भर हथियारबंद बदमाशों का तांडव, ट्रक ड्राइवर घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** दूदू इलाके में होटल रामदेव के पास दर्शन भर बदमाशों ने एक ट्रक ड्राइवर के साथ जोरदार मारपीट की जिसकी वजह से ड्राइवर बुरी तरह से घायल हो गया मारपीट का यह दृश्य मौके पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए बदमाशों के फोटो के आधार पर उनको चिन्हित करने का प्रयास कर रही है इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को डिटेल भी किया चिन्हित करने का प्रयास कर रही है इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में भी लिया है जानकारी के अनुसार दर्जन पर बदमाशों ने लूटने की नीयत से रामदेव होटल के पास एक ट्रक के ड्राइवर के साथ मारपीट की बदमाशों ने लाठी डंडे सरिया इत्यादि हथियारों से ड्राइवर की जोरदार पिटाई की ड्राइवर की ओर से नगदी नहीं दिए जाने और विरोध करने पर बदमाशों ने अपना पूरा गुस्सा ड्राइवर पर उतारा और उसकी जोरदार पिटाई की काफी देर तक बदमाश सरेआम गुंडागर्दी करते रहे लेकिन किसी ने भी बीच बचाव नहीं किया पुलिस अब हिरासत में लिए गए युवकों से गहनता से पूछताछ कर रही है और अन्य अपराधियों के बारे में भी आवश्यक जानकारी जुटाना का प्रयास कर रही है ।

## जालसाजी फर्जी आईपीएस बनकर भिवाड़ी पुलिस स्टेशन पहुंचा और वीवीआईपी सुरक्षा मांगने लगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** एक शातिर दिमाग का व्यक्ति फर्जी आईपीएस बनकर भिवाड़ी पुलिस स्टेशन में पहुंच गया और वहां खुद को एसपीजी का ए. आई.जी बताया और पुलिस स्टेशन में नियुक्त अधिकारियों से खुद के लिए वीवीआईपी सुरक्षा मांगी बातचीत के दौरान पुलिस स्टेशन में नियुक्त अधिकारियों को इस फर्जी आईपीएस की गतिविधियों को लेकर संदेह हुआ हालांकि बातचीत के दौरान उसने एसपीजी ए. आई.जी का कार्ड भी दिखाया जो बाद में जांच पड़ताल में पूरी तरह से फर्जी निकला। पुलिस ने तमाम तरह की जांच पड़ताल करने के बाद इस फर्जी आईपीएस को अरेस्ट किया है पुलिस की जांच पड़ताल में फर्जी आईपीएस का नाम सौरभ कुमार है जो सॉफ्टवेयर इंजीनियर है पुलिस अब गिरफ्तार अभियुक्त से गहनता से पूछताछ कर रही है पुलिस जांच पड़ताल करके यह पता लग रही है कि उसके पास एसपीजी का जो परिचय पत्र मिला है वह परिचय पत्र उसने कैसे और किस तरह से तैयार करवाया और इस परिचय पत्र को तैयार करवाने में और किसकी भूमिका है तथा इस परिचय पत्र के आधार पर वह अब से पहले कहां-कहां देश में गया है और कहां-कहां जाकर उसने खुद को आईपीएस बता कर कर सेवाएं ली है क्या उसने अब से पहले भी कहीं पर आईपीएस बढ़कर खुद के लिए वीआईपी सुरक्षा मांगी है इन तमाम सवालों के पुलिस जवाब ढूंढ रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के बैकग्राउंड की जांच पड़ताल की जा रही है उसके घर का पता भी मालूम किया जा रहा है उसके बैंक अकाउंट को भी पुलिस चेक कर रही है जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ कुमार महंगी कीमती ब्लैक गाड़ी में सवार होकर भिवाड़ी पुलिस स्टेशन पहुंचा था गाड़ी पर पुलिस का लोगो भी लगा हुआ था तथा हाव-भाव पूरी तरह से आईपीएस जैसा ही नजर आ रहा था लेकिन पुलिस स्टेशन में अधिकारियों से बातचीत के दौरान गतिविधियां संदिग्ध देखकर पुलिस के अधिकारियों को संदेह हुआ और फिर इसके बारे में गहनता से जांच पड़ताल शुरू की गई तो उसकी वास्तविक हकीकत सामने आ गई ।

# प्रक्रिया नियमों की गलत व्याख्या कर सदस्यों के अधिकार पर प्रहार लोकतंत्र का अपमान : जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने विधान सभा सचिवालय द्वारा दिनांक 7 एवं 9 जनवरी को जारी किये गये बुलेटिन में प्रक्रिया नियमों की गलत व्याख्या करते हुए विधान सभा सदस्यों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों पर पाबंदियां लगाये जाने को लोकतंत्र का अपमान बताया है। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने विधान सभा अध्यक्ष को इस सम्बन्ध में पत्र लिखकर गहरी आपत्ति व्यक्त की है। उन्होंने पत्र में माननीय अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित करते हुए लिखा कि जहां तक पांच साल से पुराने मामले से सम्बन्धित प्रश्न नहीं पूछे जाने का विषय है, तो यदि किसी मामले में सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं की गई है, तो सदस्य कितना भी पुराना मामला हो उस सम्बन्ध में प्रश्न पूछ सकता है। विभागों की योजनाएं, नियम और अन्य जानकारियां ऑन लाइन उपलब्ध हैं, क्या उसकी जानकारी नहीं मांगी जाए।



महोदय, कोई योजना जनहित में है या नहीं, इस सम्बन्ध में सरकार से सदस्य को किसी भी योजना नियम आदि की जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है, इसे करटेल नहीं किया जा सकता । जूली ने इसी बुलेटिन के बिन्दु संख्या-4 के उल्लेख किये गये प्रश्न में जहां तक सम्भव हो माननीय सदस्यों द्वारा प्रदेश के किसी भी विशेष स्थान, विधान सभा क्षेत्र, तहसील आदि तक की ही सूचना मांगी जावे, पूरे जिला, प्रदेश की नहीं। पर आपत्ति व्यक्त करते हुए लिखा कि इसका अभिप्राय यह हुआ कि माननीय विधायकों द्वारा पूछे जाने वाले सवाल राज्य या जिला स्तर के नहीं होंगे। किसी विशेष स्थान, विधान सभा क्षेत्र या तहसील स्तर के रहेंगे। उन्होंने लिखा कि जब कोई व्यक्ति विधान सभा का सदस्य निर्वाचित हो जाता है, तो वह सम्पूर्ण प्रदेश के किसी भी जिले, तहसील और गांव से सम्बन्धित प्रश्न पूछ सकता है। यह अधिकार उसको प्रक्रिया नियमों द्वारा प्रदान किये गये हैं। जूली ने अपने पत्र में राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र में प्रश्न शाखा द्वारा जारी बुलेटिन भाग-2 संख्याः 4, दिनांक 13 जनवरी, 2025 की प्रति संलग्न करते हुए लिखा कि इस बुलेटिन में राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम-37 (2) के तहत माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्रश्नों की ग्राह्यता विनिश्चित करने हेतु 25 शर्तों का निर्धारण किया गया है।उक्त बुलेटिन में उल्लिखित नियम-37 (2) के बिन्दु संख्या 1 से 25 तक के किसी भी बिन्दु में ऐसी पाबंदियों का उल्लेख नहीं किया हुआ है फिर किन नियमों के तहत सदस्यों द्वारा ऐसे सवाल पूछे जाने पर पाबंदी लगाई जा रही है? जब कोई व्यक्ति राजस्थान विधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित होता है, तो उसका यह अधिकार है कि वह सम्पूर्ण राजस्थान के किसी भी हिस्से की समस्या के सम्बन्ध में प्रश्न पूछ सकता है। इसके साथ ही प्रतिपक्ष के नेता जूली ने शून्यकाल में उठाये जाने वाले विषय एवं ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के सम्बन्ध में सामान्य जानकारी से सम्बन्धित राजस्थान विधान सभा (सदन शाखा) द्वारा जारी बुलेटिन भाग-2 संख्या:07, दिनांक 9 जनवरी, 2026 का हवाला देते हुए लिखा कि पर्ची या स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से जब किसी सदस्य द्वारा सदन में कोई तात्कालिक महत्वपूर्ण विषय उठाया जाएगा और सम्बन्धित मंत्री उस पर उत्तर ही नहीं देंगे, तो फिर सदस्य द्वारा ऐसे तात्कालिक महत्व के मुद्दों को सदन में उठाये जाने का औचित्य ही क्या रह जाएगा। यदि कोई सदस्य सदन में बोलकर बैठ जाए और सरकार उस पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करे, यह किसी भी प्रकार से उचित नहीं कहा जा सकता है। ऐसे ही ध्यानाकर्षण प्रस्तावों के सम्बन्ध में भी माननीय अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित करते हुए लिखा कि किसी माननीय सदस्य का ध्यानाकर्षण प्रस्ताव बहुत ही मुश्किल से कार्य सूची में सम्मिलित हो पाता है, उसके बावजूद यदि उसका पूरी तरह से उत्तर नहीं आता है, तो सदस्य को यह अधिकार है कि वह ध्यानाकर्षण प्रस्ताव से सम्बन्धित विषय पर स्पष्टीकरण चाह सकता है।प्रतिपक्ष के नेता ने बुलेटिन के माध्यम से ऐसे निर्देश जारी किये जाने को राजस्थान विधान सभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों का खुला उल्लंघन बताया है और कहा कि ऐसे निर्देश तो कभी लोकसभा द्वारा भी जारी नहीं किये गये हैं। यह लोकतंत्र पर राज तंत्र का प्रहार है। उन्होंने बताया कि सरकार ने जनता की आवाज उठाने पर तो कई तरह से पाबंदियां लगा ही रही है और अब विधान सभा सदस्यों पर भी पाबंदी लगाकर जनता की आवाज को विधान सभा में उठाने का रास्ता बंद करना चाहती है।

## श्री गंगानगर जिले में भारत और पाकिस्तान सीमा पर रात को प्रतिबंध, कलेक्टर ने दो माह के लिए लगाया प्रतिबंध

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के श्री गंगानगर जिले में भारत और पाकिस्तान की सीमा पर करीब 3 किलोमीटर क्षेत्र में रात्रि के दौरान आवागमनपर प्रतिबंध लगा दिया गया है यह प्रतिबंध श्रीगंगानगर जिला कलेक्टर की ओर से 2 महीने के लिए लगाया गया है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार रात 7:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक के लिए प्रतिबंध लगाया गया है इस दौरान किसानों को भी आवागमन के लिए जिला प्रशासन और बीएसएफ से अनुमति लेने को कहा गया है आवश्यक सेवाओं और आवश्यक काम के लिए बीएसएफ और जिला प्रशासन से अनुमति के बाद ही आवागमन की इजाजत दी जाएगी ।जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर की ओर से जारी आदेश के अनुसार रात के समय प्रतिबंध की अवधि के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाना पटाखे छोड़ना तेज रोशनी इत्यादि पर भी प्रतिबंध लगाया गया है जानकारी के अनुसार देश की सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर यह प्रतिबंध लगाया गया है आने वाले दिनों में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व भी आने वाला है तथा पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान की अवांछित गतिविधियों पर अभी भी अंकुश नहीं लगा है। इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए भारत-पाकिस्तान के करीब 3 किलोमीटर सीमा पर यह प्रतिबंध लगाया गया है जानकारी के अनुसार इन दोनों घना कोहरा बॉर्डर पर छाया रहता है ऐसे में पाकिस्तान में बैठे अवैध मादक पदार्थों के तस्कर और आतंकी संगठनों से जुड़े लोग घने कोहरे का फायदा उठाकर भारत की सीमा में घुसपैठ करने के प्रयास में लगे रहते हैं इसके अलावा अफीम चरस इत्यादि मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले लोग घने कोहरे और कड़ाके की ठंड का फायदा उठाकर अपने मंसूबों को कामयाब करने का प्रयास करते रहते हैं इसलिए देश की सुरक्षा व्यवस्था और कई अन्य कई वजह है जिसकी वजह से श्रीगंगानगर जिला प्रशासन की ओर से रात्रि के समय कर्फ्यू जैसे हालात सुनिश्चित किए गए हैं इस अवधि के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को और बढ़ाया गया है इसके अलावा बीएसएफ प्रशासन और पुलिस प्रशासन तथा जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारी नियमित रूप से आपस में संपर्क करेंगे और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने संबंधी विषयों पर सामूहिक चर्चा करके सीमावर्ती जिलों में आवश्यक निर्णय लेते रहेंगे ।

## सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएगा अनुसूचित जाति मोर्चाः निहालचंद मेघवाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजस्थान के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद ने भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राजकुमार फलवारिया की उपस्थिति में मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया मदन राठौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक बड़े कैडर के व्यक्ति को अनुसूचित जाति मोर्चा राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष बनाने की सोच, कहीं ना कहीं अनुसूचित जाति वर्ग में भाजपा को और मजबूती प्रदान करना है राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने निहालचंद मेघवाल को एक मजबूत नेता एवं लोकप्रिय जनप्रतिनिधि बताते हुए उनके संगठन कौशल की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनके साथ युवा मोर्चा में किए गए कार्यों को बताया प्रदेश अध्यक्ष निहालचंद ने उपस्थित सभी प्रमुख नेताओं एवं राजस्थान प्रदेश के कोने कोने से आए हुए सेंकड़ों कार्यकर्ताओं के सामने मोर्चा को नई दिशा एवं दशा देते हुए नए आयाम स्थापित करने हेतु सभी को आश्वस्त किया द्य निहालचंद ने बताया कि पार्टी ने मुझे अनुसूचित जाति वर्ग में काम करने के लिए एक बड़ा दायित्व दिया है तो यह मेरी बहुत बड़ी जिम्मेदारी हो जाती है कि मैं जिस वर्ग से आता हूं, उस वर्ग में भाजपा को गांव-गांव ढाणी ढाणी तक पहुंचाते हुए और मजबूती प्रदान करें तथा केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की भजनलाल सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को इसका फायदा दिलाने का काम करें द्य उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वह वर्ग है जो किसी भी सरकार के बनने के लिए सकारात्मक परिणाम देता है मंच का संचालन कर रहे मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ मुकेश गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, राज्य मंत्री मंजू बाघमार, भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, मंत्री अजीत मांडन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश चंदेल, गोरधन वर्मा, श्रीकिशन सोनगरा, गणपत वर्मा सहित कई विधायक, पूर्व विधायक, भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा प्रदेश एवं जिले के कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही ।

## पूर्व विधायक महर्षि ने मौके पर ही किया समस्या का समाधान

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शनिवार को शहर के वार्ड नं 23 व 24 में पेयजल आपूर्ति में आ रही परेशानी को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर मौका निरीक्षण किया। वार्डवासियों को पेयजल आपूर्ति में आ रही परेशानी से निजात दिलवाने के लिए नई पाइपलाइन डलवा कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए व नाला निर्माण व 3 नई सड़को का शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि विकास कार्य करवाने के लिए हर समय प्रयासरत हूँ। वार्डवासियों के सुख दुख में साथ खड़े रहने के साथ ही विकास कार्य करवाने का संकल्प ही सच्चे जनसेवक की निशानी है। इसके लिए मैं हमेशा से संघर्षरत हूँ। विकास के कार्य बिना भेदभाव के हो रहे है। वार्ड के विकास से ही शहर का विकास संभव है। देश के प्रधानमंत्री 2047 तक विकसित भारत अभियान को साकार करने के लिए प्रयासरत है। हम सब का दायित्व बनता है विकसित भारत अभियान का हिस्सा बने। रतनगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने बताया कि वार्ड नं 23 व 24 में नई सड़क निर्माण के कार्य भवर सिंह तंवर से बाबूलाल दादरवाल के घर तक लागत 4.95 लाख, जगन सिंह वकील के घर से अशोक कुमार जोशी के घर तक व रुक्मानंद प्रजापत के घर से हरफूल जाट के घर तक लागत 16.52 लाख, बन्नीराम नायक के घर से



महावीर स्वामी के घर तक वाया सत्यनारायण आत्रे के घर तक लागत 18.26 लाख व पानी निकासी के लिए नाला निर्माण के लिए 31 लाख के कार्य का शनिवार को पूर्व विधायक महर्षि ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता महेंद्र कांटीवाल, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रूंथला, सरिता प्रजापत, महामंत्री दीपक मुरारका, मंत्री भीमराज प्रजापत, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष किशन लाल घोड़ेला, हिरालाल प्रजापत, विष्णु लुहानिवाल, दीपचन्द प्रजापत, ललित शर्मा, नरेश सैनी, प्रमोद शर्मा, मूलचंद लुहानिवाल, टोरचन्द प्रजापत, ताराचंद गढ़वाल, सौरभ शर्मा, ललित शर्मा, पुरषोत्तम अड़वालिया, हनुमान सिंह भाटी, घीसाराम घोड़ेला, मुकेश जोशी, भानीराम नायक, प्रमोद लुहानिवाल, अशोक सांखोलिया, निरंजन सांखोलिया, मूलचंद बबेरवाल सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित रहे।

## मोदी पब्लिक स्कूल संचालक जुगल किशोर मोदी को मिली जान से मारने की धमकी

### 1 करोड़ मांगने के आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निजी स्कूल के संचालक को 1 करोड़ की फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकी मिली है। कोतवाली पुलिस थाने में दर्ज करवाए गए प्रकरण में मोदी पब्लिक स्कूल के संचालक जुगल किशोर मोदी ने पुलिस को बताया है कि वह नया बाजार स्थित शनिचर मंदिर की गली का निवासी है। जो कि उसे 11 जनवरी की शाम को 5 बजकर 51 मिनट पर एक व्यक्ति ने व्हाट्स एप पर फोन करके कहा कि तुम स्कूल कॉलेज चलाते हो। मैं राहुल बोल रहा हूं, सुन में रोहित गोदारा के ग्रुप से बोल रहा हूं। फिर उसने कहा कि कल तक 1 करोड़ की व्यवस्था कर लेना, कल वापस फोन करूंगा, उस व्यक्ति को दे देना। उसके बाद शाम को 6 बजकर दो मिनट पर मैसेज आया, जिसमें एक करोड़ की फिरौती मांगी गई। अन्यथा पीड़ित और उसके बच्चों को मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर इस मामले में कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा से बात करने पर उन्होंने बताया कि ये किसी ने हरकत की है, क्योंकि दूसरे दिन न तो कोई फोन आया और न ही कोई आदमी आया। एहतियात के तौर पर पुलिस कांस्टेबल तैनात कर दिया गया है। हम लोग मामले की जांच कर रहे हैं। पीड़ित के पास एक हफ्ते का समय बी जाने के बाद भी दुबारा कोई कॉल नहीं आया है।

# देश में पहले दो दिवसीय अमरूद महोत्सव का सवाई माधोपुर में आज आगाज

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कृषि मंत्री किरोड़ी मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि रहेंगे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सवाई माधोपुर जिले के किसानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए और अमरूद की खेती को बढ़ावा देने के लिए देश में पहली बार सवाई माधोपुर में दो दिवसीय अमरुद महोत्सव कि आज शुरुआत हो रही है इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि रहेंगे इसके अलावा कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा और जिले के जनप्रतिनिधि तथा कृषि विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे । राज्य के कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा है कि सवाई माधोपुर जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर देश में पहली बार अमरूद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया



कि इस यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत और जिले की कृषि पहचान को राष्ट्रीय मंच देने का प्रयास है।मीणा ने कहा कि अमरूद महोत्सव एवं उन्नत कृषि तकनीकी मेला-2026 केवल उत्सव नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि जिले के किसान उच्च गुणवत्ता का अमरूद उत्पादन कर रहे हैं, जिसकी मांग देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी लगातार बढ़ रही है। अब आवश्यकता है कि इस पहचान को एक संगठित मंच देकर किसानों को बेहतर मूल्य, तकनीक और बाजार से जोड़ा जाए। कृषि मंत्री ने बताया कि यह दो दिवसीय आयोजन किसानों के लिए ज्ञान, नवाचार और अवसरों का संगम होगा। इसमें आधुनिक खेती, स्मार्ट फार्मिंग, कृषि यंत्रीकरण, ड्रोन तकनीक, हाई-टेक बागवानी, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन से जुड़े नवाचारों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रतिदिन हजारों किसान इस मंच से जुड़कर अपनी खेती को अधिक लाभकारी बनाने के गुर सीखेंगे। डॉ. मीणा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से यह वादा किया था कि सवाई माधोपुर के अमरूद की मिठास को प्रदेश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। अमरूद महोत्सव उसी संकल्प की पहली ठोस शुरुआत है। इस पहल से स्थानीय किसानों, बागवानों और युवाओं को नई तकनीकों, बाजार की समझ और मूल्य संवर्धन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिलेंगी, जिससे वे अपनी आय बढ़ाने में सक्षम होंगे। उन्होंने बताया कि सवाई माधोपुर जिले में वर्तमान में 15 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में अमरूद की खेती की जा रही है तथा प्रतिवर्ष लगभग 4 लाख मीट्रिक टन उत्पादन से 6 से 7 अरब रुपये का कारोबार होता है। इस संभावनाशील क्षेत्र को संगठित मंच देकर वैज्ञानिक, व्यापारी और किसान के बीच सीधा संवाद स्थापित करना ही अमरूद महोत्सव का मूल उद्देश्य है। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन आने वाले वर्षों में सवाई माधोपुर को अमरूद उत्पादन और निर्यात के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। डॉ. मीणा ने कहा कि सवाई माधोपुर की असली ताकत इसकी मिट्टी, इसके मेहनतकश किसान और स्थानीय उत्पाद हैं। अमरूद, पारंपरिक शिल्प और श्रमशील लोग जिले की वास्तविक संपदा हैं। जब किसान, युवा और उद्यमी विकास की प्रक्रिया से जुड़ते हैं, तभी आत्मनिर्भर और सशक्त सवाई माधोपुर का निर्माण संभव होता है। इसी सोच के साथ अमरूद महोत्सव को पंच गौरव की भावना से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि महोत्सव में अमरूद की विभिन्न किस्मों की प्रदर्शनी, फल-फूल प्रतियोगिता, देश के विभिन्न राज्यों की 20 से अधिक नर्सरियों की भागीदारी, लगभग 200 स्टॉल्स के माध्यम से कृषि यंत्र, उद्यानिकी तकनीक, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, पशुपालन और डेयरी गतिविधियों के लाइव डेमोंस्ट्रेशन आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, अमरूद से बनने वाले वैल्यू-एडेड उत्पादों–जैसे जूस, जैली, स्क्वैश, पल्प, बर्फी, चटनी और आचार–की व्यापक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कृषि मंत्री ने विशेष रूप से कृषक-वैज्ञानिक संवाद और क्रेता-विक्रेता संगोष्ठी को महोत्सव की आत्मा बताते हुए कहा कि इससे किसान, वैज्ञानिक और उद्योगपति एक ही मंच पर संवाद करेंगे। इससे न केवल बिचौलियों की भूमिका कम होगी, बल्कि किसानों को अपने उत्पाद का उचित मूल्य मिलेगा और सवाई माधोपुर का अमरूद निर्यात के नए द्वार खोलेगा। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले बजट में भी राज्य सरकार अमरूद की खेती और उसके प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान करेगी। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने प्रदेश भर के किसानों, युवाओं, उद्यमियों और आमजन से अपील की कि वे इस महोत्सव में सक्रिय सहभागिता करें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सवाई माधोपुर की कृषि पहचान को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का अवसर है और जनभागीदारी से ही इसे ऐतिहासिक सफलता दिलाई जा सकती है।

## कहानी

### भगवान शिवजी

भगवान विष्णु के अनेक अवतार हुए हैं, वैसेही भगवान शिवजी के भी अवतार हुए है । भगवान शिवजी के अनेक अवतारों में से सातवे अवतार है गृहपति । आज हम उनके इस अवतार की कथा सुनेंगे ।

नर्मदा नदी के तट पर धर्मपुर नाम का एक नगर था । वहां विश्वानर नाम के एक ऋषि और उनकी पत्नी शुचिष्मती रहती थी ।

बहुत काल तक उनकी कोई भी संतान नहीं थी । एक दिन शुचिष्मती ने अपने पति से कहा, "स्वामी, हमारा भगवान शिवजी के समान पुत्र हो, ऐसी मेरी इच्छा है ।" पत्नी की इच्छा पूर्ण करने के लिए ऋषि विश्वानर काशी गए । वहां पर उन्होंने घोर तप के द्वारा भगवान शिवजी के वीरेश लिंग की आराधना की ।

एक दिन ऋषि को वीरेश लिंग के मध्य एक बालक दिखाई दिया । उन्होंने बालरुप धारण किए हुए शिवजी की पूजा की । ऋषी विश्वानर द्वारा की गयी भावपूर्ण पूजा से शिवजी प्रसन्न हो गए । भगवान शिवजी ने उन्हें वरदान दिया कि शुचिष्मति के गर्भ से वे अवतार लेंगे । कुछ कालांतर बाद भगवान शिवजी शुचिष्मती के गर्भ से पुत्ररुप में प्रकट हुए । पितामह ब्रह्माजी ने उस बालक का नाम गृहपति रखा ।

गृहपति की आयु बढने लगी । एक बार देवर्षि नारद गृहपति के दर्शन करने आ गए । उन्होंने गृहपति को देखा और ऋषि विश्वानर से कहा, "मुनिवर, यह बालक सर्वगुण सम्पन्न है; किन्तु बारह वर्ष की आयु में इसे बिजली अथवा अग्नि द्वारा भय उत्पन्न होगा ।" यह सुनकर ऋषि विश्वानर दु:खी हो गए । ऋषि विश्वानर और शुचिष्मती को गृहपति की चिंता होने लगी । अपने माता-पिता को चिंतित देखकर बालक गृहपति ने उन्हें समझाया, "मां-पिताजी, आप दु:खी न हो । मैं भगवान मृत्युञ्जय की आराधना कर के महाकाल को प्रसन्न करूंगा । इसलिए आप लोग निश्चिन्त रहे ।"

इसके बाद गृहपति काशी गए और भगवान विश्वनाथ का दर्शन किया । उन्होंने शुभ मुहूर्त पर शिवलिंग की स्थापना की और शिवजीकी आराधना करने लगे । कुछ दिनों के बाद देवराज इन्द्र प्रकट हुए । उन्होंने कहा, "गृहपति, मैं आपकी आराधना से प्रसन्न हुआ हूं । कोई वरदान मांगे ।" परन्तु गृहपति ने उनसे कहा, "मैं आपसे वरदान की कामना नहीं करूंगा, क्योंकि मेरे वरदायक केवल भगवान शिव ही है ।" यह सुनकर देवराज इन्द्र अत्यंत क्रोधित होकर गृहपतिपर प्रहार करने आगे बढे । उसी समय भगवान शिवजी प्रकट हो गए । शिवजीने बताया, "गृहपति, देवराज इन्द्रदेव के माध्यम से मैं ही तुम्हारी परीक्षा ले रहा था । तुम उस परीक्षा मे सफल हो गए हो । अब तुमपर यमराज का भी प्रभाव नहीं पडेगा । तुमने जिस शिवलिंग की स्थापना की है, वह अग्निश्वर नाम से प्रसिद्ध होगा । इस शिवलिंग का दर्शन करने से व्यक्ति बिजली और अग्नि से भयभीत और पीडित नही होगा ।"

हमारे शरीर में जो जठराग्नि है, वह ही भगवान शंकर का गृहपति अवतार है । भूख लगने पर हम जो अन्न ग्रहण करते हैं, उसी से हमारे शरीर का पोषण होता है और प्राण को संतुष्टि प्राप्त होती है ।

गृहपति की इस कथा से हमें संदेश मिलता है कि, जठराग्नि को शांत करने के लिए जो भी कार्य करें वह धर्म के अनुसार हो । अर्थात भोजन मिलने हेतु के लिए हम जो धन कमाते है, वह प्रमाणिकता से कमाया हुआ धन ही हो ।

# नए बाजार तलाशने की चुनौती

*इसके लिए आम बजट में निर्यात को प्रोत्साहन देने के उपाय करने होंगे। वैश्विक व्यापार की चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाना कोई सरल कार्य नहीं है। इसके लिए भारत को द्विपक्षीय एवं मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत निर्यात बढ़ाने की दिशा में तेजी से कदम उठाने होंगे। मौजूदा निर्यात बाजारों में हिस्सेदारी बढ़ाने के साथ-साथ नए निर्यात बाजारों की तलाश भी जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं कि इस वर्ष निर्यात बाजारों में प्रवेश के मद्देनजर ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ किए गए एफटीए का प्रभावी कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। उम्मीद है अब पेरू, चिली, आसियान, मेक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए आकार लेते दिखाई देंगे। हाल में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत यात्रा ने यूरोपीय संघ के साथ भारत के एफटीए के शीघ्र संपन्न होने की उम्मीदों को बल दिया है। इसके अतिरिक्त, नए वर्ष में मारीशस, संयुक्त अरब अमीरात, आस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों-आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नार्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के साथ हुए एफटीए के लाभ भी अधिक स्पष्ट रूप से सामने आने की संभावना है। ट्रंप के टैरिफ के कारण अमेरिका में घटते निर्यात की क्षतिपूर्ति के लिए भारत ने दुनिया के प्रमुख बाजारों में निर्यात को सफलतापूर्वक बढ़ाया है। हाल में*



हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन देशों पर तत्काल प्रभाव से 25 प्रतिशत टैरिफ लागू कर दिया, जो ईरान के साथ कारोबार करते हैं। इन देशों में भारत भी शामिल है। अमेरिका ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। ऐसे में अब भारत को 75 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना होगा। ट्रंप ने सैंक्शनिंग रशिया एक्ट, 2025 को भी मंजूरी दी है।

इसके कानून बनने पर रूस से तेल खरीदने वाले भारत सहित अन्य देशों पर ट्रंप 500 प्रतिशत तक का दंडात्मक टैरिफ लगा सकते हैं। यदि भारत पर और टैरिफ लगाए जाते हैं, तो अमेरिका में भारत का सामान और सेवा निर्यात लगभग बंद जैसा हो जाएगा। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा और भारत से अमेरिका को निर्यात करीब 86.5 अरब डालर रहा।

पिछले कुछ वर्षों से भारत के कुल निर्यात में अमेरिका का योगदान लगातार 17-18 प्रतिशत रहा है। चूंकि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता अधर में लटका हुआ है, ऐसे में नई टैरिफ दरों के कारण अमेरिका के बाजार में प्रभावित होने वाले निर्यात की भरपाई के लिए भारत को तेजी से नई वैकल्पिक व्यवस्थाएं करनी होंगी।

इसके लिए आम बजट में निर्यात को प्रोत्साहन देने के उपाय करने होंगे। वैश्विक व्यापार की चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाना कोई सरल कार्य नहीं है। इसके लिए भारत को द्विपक्षीय एवं मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत निर्यात बढ़ाने की दिशा में तेजी से कदम उठाने होंगे। मौजूदा निर्यात बाजारों में हिस्सेदारी बढ़ाने के साथ-साथ नए निर्यात बाजारों की तलाश भी जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं कि इस वर्ष निर्यात बाजारों में प्रवेश के मद्देनजर ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ किए गए एफटीए का प्रभावी कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। उम्मीद है अब पेरू, चिली, आसियान, मेक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए आकार लेते दिखाई देंगे। हाल में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत यात्रा ने यूरोपीय संघ के साथ भारत के एफटीए के शीघ्र संपन्न होने की उम्मीदों को बल दिया है।

इसके अतिरिक्त, नए वर्ष में मारीशस, संयुक्त अरब अमीरात, आस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों-आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नार्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के साथ हुए एफटीए के लाभ भी अधिक स्पष्ट रूप से सामने आने की संभावना है। ट्रंप के टैरिफ के कारण अमेरिका में घटते निर्यात की क्षतिपूर्ति के लिए भारत ने दुनिया के प्रमुख बाजारों में निर्यात को सफलतापूर्वक बढ़ाया है। हाल में जारी विदेश व्यापार के आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2024 से नवंबर 2025 के बीच भारत का कुल निर्यात 15 प्रतिशत बढ़कर 64.05 अरब डालर से 73.99 अरब डालर हो गया है। ट्रंप द्वारा लगातार बढ़ाए गए टैरिफ के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ रही है। विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर के अनुमान को 6.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। आज भारत दुनिया के प्रमुख देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ा रहा है और भारत लगभग 200 देशों को किसी न किसी उत्पाद का निर्यात करता है। अतः इन बाजारों में उत्पादों और सेवाओं के निर्यात को बढ़ाने के लिए नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। इस दिशा में एक अप्रैल से लागू किए जाने वाले चार नए श्रम कानून मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। यदि इनका बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया गया तो भारत सेवा क्षेत्र के साथ-साथ मैन्यूफैक्चरिंग का हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है। भारत ने निर्यातकों को सहारा देने के लिए जो नई रणनीति बनाई है, उसके तहत निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से 40 देशों में विशेष संपर्क कार्यक्रम चलाने की योजना है। इस पहल में ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मेक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्किये, यूएई और आस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों को शामिल किया गया है।

इसके साथ ही केंद्र सरकार ने निर्यात बढ़ाने के लिए 4,531 करोड़ रुपये की नई मार्केट एक्सेस सपोर्ट योजना भी घोषित की है। हालांकि निर्यात को गति देने के लिए केवल बाजार तक पहुंच ही नहीं, बल्कि संरचनात्मक सुधार भी अनिवार्य हैं। निर्यातकों की समस्याएं केवल शुल्क वृद्धि तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन पर लगाए गए एंटी-डंपिंग शुल्क भी एक बड़ी चुनौती हैं। ऋण स्थगन की सुविधा को वित्त वर्ष 2026-27 तक बढ़ाया जाना निर्यातकों के लिए लाभकारी होगा। इसके अलावा निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए सभी राज्यों में मान्यता प्राप्त आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना भी जरूरी है, जिससे लागत और समय की बचत के साथ लाजिस्टिक बाधाएं कम होंगी। साथ ही बाजार तक पहुंच के लिए सहयोग, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, विश्वसनीय कच्चा माल, कम ऊर्जा लागत, मजबूत बुनियादी ढांचा और नियामकीय समन्वय भी आवश्यक है।

## सम्पादकीय

### युवा देश, घटते मौके- क्या बढ़ती बेरोजगारी रोक रही है 'विकसित भारत 2047' की राह?



देश में पिछले कुछ वर्षों से बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। इससे बड़े स्तर पर युवा श्रम शक्ति का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है और यह राष्ट्र के संपूर्ण विकास में भी अवरोध पैदा कर रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था को तभी संतुलित माना जाता है, जब उसमें आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हों। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुल कार्यबल तथा जनसंख्या के लिहाज से भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। यहां युवाओं की आबादी अन्य देशों की तुलना में अधिक है। मगर इस कार्यबल को व्यापक रूप से राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी के समान अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। इसका आकलन केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी रपट से किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि देश में पंद्रह वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर पिछले वर्ष दिसंबर में बढ़कर 4.8 फीसद पर पहुंच गई, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 4.7 फीसद था। शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी का असर ज्यादा रहा, जहां इसकी दर नवंबर में 6.5 फीसद से बढ़कर 6.7 फीसद हो गई। इससे स्पष्ट है कि सरकारी और निजी संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर घट रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसी योजनाओं की शुरुआत की गई है, लेकिन इनका असर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग रहा है। कई युवा और श्रमिक वर्ग अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। कृत्रिम मेधा और डिजिटलीकरण के कारण भी रोजगार में कमी आई है। हालांकि, डिजिटल क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं, लेकिन इनमें भी विशेष कौशल की आवश्यकता होती है, जो हर किसी के पास नहीं है। इसमें दोराय नहीं कि रोजगार की मांग के अनुपात में सरकारी नौकरियों की संख्या में वृद्धि नहीं हो पा रही है। इसके अलावा, सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और परीक्षा प्रणाली के मुद्दे भी रोजगार हासिल करने के समान अवसरों को प्रभावित करते हैं। हालांकि आंकड़ों के हिसाब से देखें तो शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में राहत की बात यह है कि वहां पिछले वर्ष नवंबर से दिसंबर के बीच बेरोजगारी दर 3.9 फीसद पर स्थिर है। दरअसल, किसी भी देश में संपूर्ण आर्थिक विकास तभी संभव हो पाता है, जब सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो, प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी तथा गरीबी, भुखमरी और सामाजिक असमानता में कमी आए तथा रोजगार की उपलब्धता और प्रति व्यक्ति खुशहाली हो। विकास का माडल ऐसा होना चाहिए, जिसमें रोजगार के अवसर, गरीबों का उत्थान और किसानों की समृद्धि सुनिश्चित हो सके तथा महंगाई की दर कम रहे। सवाल है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, क्या मौजूदा परिस्थितियों की लिहाज से उसे तय समय में हासिल किया जा सकेगा! यह सच है कि बेरोजगारी दर में उतार-चढ़ाव से देश के विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

## कांसेडा में दिनदहाड़े वारदात से गांव में दहशत, एक ही परिवार के पांच सदस्य गंभीर घायल

### धारदार हथियारों से मारपीट, जेवरात व नकदी लूटी

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर (निस)।** शहर के ग्राम कासेड़ा में शनिवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। देवनारायण मंदिर के पास निवासरत गुर्जर समुदाय के एक परिवार पर 15 से 20 लोगों ने एकजुट होकर घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। धारदार हथियारों और लाठी-सरियों से किए गए इस हमले में एक ही परिवार के पांच सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पीड़ित रामकरण पुत्र छीतरमल निवासी कासेड़ा ने बताया कि दोपहर में कुएं की पानी की मोटर को लेकर उसके भाई रतनाराम से कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते रतनाराम ने अपने रिश्तेदारों को मौके पर बुलाया और सभी ने एकराय होकर रामकरण के घर में जबरन प्रवेश कर हमला कर दिया। आरोप के अनुसार हमलावरों ने रामकरण, उसके भाई नानूराम और जगदीश, उनकी 70 वर्षीय मां पांची देवी तथा भाभी लक्ष्मी के साथ बेरहमी से मारपीट की। धारदार हथियारों से किए गए हमले में सभी लोग लहूलुहान हो गए। रामकरण और नानूराम के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि जगदीश, वृद्धा मां पांची देवी और भाभी लक्ष्मी को गंभीर आंतरिक चोटें लगी हैं। पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि हमलावर मारपीट के दौरान घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लूट ले गए तथा जाते-जाते पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना पर नावा पुलिस के हेड कांस्टेबल परमाराम मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। इसके बाद 108 एम्बुलेंस सेवा के पायलट मुलसिंह और नर्सिंगकर्मी जितेंद्र ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को नावा उपजिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी को छुट्टी दे दी। घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बहाल हो सके।

## आमेर महल की भव्य छटा देखकर अभिभूत हुए राष्ट्रमंडल देशों के संसदीय प्रतिनिधि

### 40 राष्ट्रमंडल देशों के 120 संसदीय प्रतिनिधियों का जयपुर दौरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राष्ट्रमंडल देशों के 40 देशों से आए 120 सदस्यीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार को दो दिवसीय प्रवास पर जयपुर पहुंचा। जयपुर भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविख्यात आमेर महल का भ्रमण किया, जहां इसकी दिव्य, ऐतिहासिक और भव्य छटा ने सभी प्रतिनिधियों को अभिभूत कर दिया। आमेर महल पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाजों से भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। लोक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि, पारंपरिक आतिथ्य और राजस्थानी संस्कृति की जीवंत झलक ने विदेशी मेहमानों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इसके पश्चात उच्च प्रशिक्षित व अनुभवी पर्यटक गाइड की ओर से प्रतिनिधिमंडल को आमेर महल के गौरवशाली इतिहास, राजपूतकालीन स्थापत्य कला तथा सांस्कृतिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास, 27 कचहरी, गणेश पोल, मुगल गार्डन व मान सिंह महल सहित आमेर दुर्ग के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विशेष रूप से शीश महल की अद्वितीय कारीगरी से अत्यंत प्रभावित नजर आए। शीश महल से मावठा सरोवर व केसर क्यारी बाग का मनोरम दृश्य देखकर प्रतिनिधि मंत्रमुग्ध हो गए और राजस्थान की समृद्ध स्थापत्य एवं शिल्प परंपरा की मुक्तकंठ से सराहना की। कई प्रतिनिधियों ने आमेर महल को भारत की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक बताया। उल्लेखनीय है कि यह संसदीय प्रतिनिधिमंडल 17 व 18 जनवरी को जयपुर प्रवास पर है। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रमंडल देशों की विभिन्न विधायिकाओं के अध्यक्ष, सदस्य और उच्च स्तरीय संसदीय अधिकारी शामिल हैं। जयपुर आगमन पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की ओर से किया गया। जयपुर प्रवास के दौरान प्रतिनिधिमंडल की ओर से शहर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व प्रशासनिक विशेषताओं से जुड़े अन्य स्थलों के भ्रमण का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिससे राजस्थान की गौरवशाली परंपरा और विकासशील दृष्टिकोण से अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि और अधिक परिचित हो सकेंगे।

सहकार संगम- 2026 कार्यक्रम

## निरीक्षक सहकारिता विभाग की रीढ़, सहकारी समितियों के संरक्षक और मार्गदर्शक की निभाएं भूमिका

### सहकारी समितियों को आर्थिक सशक्त व लाभांश देने लायक बनाने की आवश्यकता: दक

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि निरीक्षक सहकारिता विभाग की रीढ़ हैं, वे अपनी भूमिका को और विस्तार देते हुए सहकारी समितियों के संरक्षक और मार्गदर्शक बनें। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सहकारी समितियों को वर्तमान समय के अनुरूप सशक्त, सक्षम व प्रतिस्पर्धी बनाना होगा। दक शनिवार को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एसोसिएशन ऑफ राजस्थान को-ऑपरेटिव सबोर्डिनेट सर्विसेज (ᶉष्टस्स्) की ओर से आयोजित 'सहकार संगम-2026' कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में सहकारिता क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विशेष रूप से रोजगार सृजन में सहकारिता क्षेत्र बड़ी भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री की इस मंशा को साकार करने के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करना होगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि आर्थिक युग का प्रभाव विगत वर्षों में सहकारी संस्थाओं पर पड़ा, जिससे वे आर्थिक रूप से कमजोर हो गई। लेकिन अब प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना के अनुरूप एवं केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देश में 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत लगभग 120 पहलों के माध्यम से सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाया जा रहा है। सरकार सहकारी क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए हर संभव सहयोग कर रही है। सहकारी समितियों के माध्यम से अब पेट्रोल पम्प तक का संचालन किया जा सकता है। राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहकारी सेक्टर को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। ऐसे में हम सबकी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम सहकारी समितियों को आर्थिक सशक्त और लाभांश देने लायक बनाएं। दक ने कहा कि सहकारी समितियों में अनियमितताओं की रोकथाम के लिए सहकारी निरीक्षक निरन्तर सजग रहते हुए प्रभावी मॉनिटरिंग करें। कार्यक्रम में एसोसिएशन ऑफ राजस्थान को-ऑपरेटिव सबोर्डिनेट सर्विसेज की प्रदेशाध्यक्ष सुमित्रा चौधरी ने कहा कि राज्य में 600 से अधिक सहकारी निरीक्षक अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए सरकार की मंशा के अनुरूप सहकारिता को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहकार संगम कार्यक्रम इस वृहद् परिवार के लिए संवाद का एक मंच है, जिसके माध्यम से वे अपनी आपसी समझ को बढ़ाते हुए और एक-दूसरे के अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे। प्रारम्भ में सहकारिता मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारम्भ किया। उन्होंने राजकीय सेवा से इतर सामाजिक सरोकार निभाने वाले निरीक्षकों को सहकार रत्न पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही, संगठन की त्रैमासिक पत्रिका सहकार स्तंभ के कवर पेज का विमोचन किया। कार्यक्रम में अधिकारियों-निरीक्षकों व उनके परिजनों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान बॉलीवुड सिंगर रवीन्द्र उपाध्याय ने भी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। सहकारिता विभाग के उच्च अधिकारी, सहकार भारती के पदाधिकारी व प्रदेश भर से आए सहकारी अधिकारी व निरीक्षक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## सत्येंद्र योगी का सीकर में भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स




**सीकर(निस)।** नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में सहभागिता कर लौटे जिले के युवा नेतृत्वकर्ता सत्येंद्र योगी का सीकर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजनीतिक, सामाजिक व शैक्षणिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने साफा पहनाकर, माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि सत्येंद्र योगी की राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता से जिले का गौरव बढ़ा है और इससे युवाओं को नई प्रेरणा मिली है। सत्येंद्र योगी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी युवाओं, शिक्षा और समाजहित के कार्यों के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## नावां में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन आज

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** संगठित हिन्दू, समर्थ हिन्दू की भावना को साकार करते हुए हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति, श्री राधाकृष्ण बस्ती, नावां शहर के तत्वावधान में क्षेत्र में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति संयोजक छितर नागा ने बताया कि यह आयोजन हिन्दू धर्म, संस्कृति और समाज के मूल्यों की पुनः स्थापना तथा सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सम्मेलन में समस्त संत-महात्माओं का पावन सान्निध्य व समाज की सज्जन शक्ति का सहयोग रहेगा। रविवार को प्रातः 9:00 बजे बाग का गणेशजी मंदिर, नावां से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें मातृशक्ति व बहनों से पारंपरिक वेश में भाग लेने का विशेष आग्रह किया गया है। इसी दिन प्रातः 9:00 बजे से श्री राधाकृष्ण मंदिर, जोगियों का आसन, नावां में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा। सम्मेलन में धर्मेन्द्रदास महाराज (दादू दयाल बगीची गुढ़ा साल्ट) व पूज्य संत हिरापुरी महाराज (डूंगरी कलां, जोबनेर, जयपुर) का सान्निध्य प्राप्त होगा। संत प्रवचनों के माध्यम से धर्म, संस्कृति, सामाजिक एकता व राष्ट्र निर्माण पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बालिका शिक्षा जरूरी : डॉ. मीणा




जयपुर टाइम्स

**बस्सी(निस)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवापुरा (ब्लॉक बस्सी) में भामाशाहों के सहयोग से विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते एवं बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हर सहाय मीणा रहे, जबकि अध्यक्षता सुनीता श्रीमाली ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजमोहन शर्मा एवं पुष्पेंद्र मीणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक पन्नालाल मीणा, भामाशाह बहादुर सिंह, कल्याण मीणा (अध्यापक) तथा मूलचंद मीणा (तिरुपति प्रॉपर्टीज) के सहयोग से विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को स्वेटर, जूते और बैग वितरित किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. हर सहाय मीणा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वयं सरकारी विद्यालय में पढ़कर आरएएस बने और पदोन्नति के बाद आईएएस बने हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य तय कर सतत परिश्रम करने, देशप्रेम तथा प्रकृति व पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कई बार बालिकाओं को उच्च शिक्षा से पहले पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों से शपथ दिलाई गई कि वे अपनी बालिकाओं को उच्च शिक्षा दिलाएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक पन्नालाल मीणा तथा ग्रामवासियों लक्ष्मीनारायण गुर्जर, श्रवण बैरवा, कृष्ण बैरवा, गणपत माली सहित समस्त ग्रामीणों ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।

## माँ श्रीयादे जयंती पर धार्मिक आयोजन, भामाशाह व प्रतिभाओं का होगा सम्मान



जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** माँ श्रीयादे प्रजापत समाज सेवा समिति (रजि.), नावां सिटी के तत्वावधान में माँ श्रीयादे जयंती समारोह का आयोजन 20 जनवरी को श्रद्धा व उल्लास के साथ किया जाएगा। समिति अध्यक्ष जगदीश छापोला ने बताया कि समिति की ओर से आयोजित इस जयंती समारोह में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ भामाशाह सम्मान, अतिथि सम्मान व प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। समिति के अनुसार जयंती के अवसर पर पुराने बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर से प्रस्तावित माँ श्रीयादे मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। समारोह के दौरान गीतादेवी पत्नी बजरंगलाल साल्डीवाल व उनके सुपुत्रों तथा पुत्रियों की ओर से अपनी बहुमूल्य भूमि माँ श्रीयादे प्रजापत समाज सेवा समिति (रजि.), नावां सिटी को दान-पत्र के माध्यम से अध्यक्ष जगदीश प्रसाद छापोला के नाम किए जाने पर दानदाताओं का विशेष सम्मान किया जाएगा। इस पुनीत कार्य को समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिनमें सीताराम प्रजापत, हेमाराम, छीतर मल, शंकर लाल , नरेंद्र , राजेश, कालूराम, रामचंद्र , किशन लाल, भंवर लाल, मेघराज, भैरूराम, गोपाल लाल, कमल, आशीष, अशोक, सुरेश, बाबूलाल, टीकम सहित अनेक समाजबंधु शामिल रहे। समिति पदाधिकारियों ने समाज के सभी बंधुओं से जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## डॉ प्रतीक्षा शर्मा जयपुर प्रदेश महिला प्रमुख महामंत्री नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** जयपुर आल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित एस. डी. शर्मा के निर्देश राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम जैमिनी के निर्देशानुसार प्रदेश महिला अध्यक्ष अरुणा गौड़ ने डा. प्रतीक्षा शर्मा जयपुर को प्रदेश महिला प्रमुख महामंत्री नियुक्त किया है। ये पूर्व में प्रदेश महामंत्री थीं। शिक्षा जगत से 27 वर्षों से जुड़ी हैं और रामा कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की डायरेक्टर हैं।

### जिले में स्वास्थ्य योजनाओं का हो प्रभावी क्रियान्वयन

# जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश कुमार मूंड, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम डॉ. रवि शेखावत, द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सर्वप्रथम आगामी 30 जनवरी से प्रारंभ हो रहे 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। इसके पश्चात मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा हुई। नियमित टीकाकरण के अंतर्गत चर्चा के दौरान पोर्टल पर शत प्रतिशत एंट्री किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में एनसीडी कार्यक्रम में अधिकाधिक स्क्रीनिंग के निर्देश दिए गए। एएनसी स्क्रीनिंग व रजिस्ट्रेशन में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। डीटीएफआई के अंतर्गत रूटीन इम्यूनाइजेशन पर विस्तृत प्रजेंटेशन दिया गया। बैठक में संस्थाओं के डीएचआईएस रजिस्ट्रेशन पर चर्चा हुई। साथ ही आईएचआईपी पोर्टल पर डेटा एंट्री, संस्थागत प्रसव, परिवार कल्याण कार्यक्रम, जेएसवाई, लाडो प्रोत्साहन योजना, आभा आईडी, माँ वाउचर योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, व ई-केवाईसी जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इसमे लाभार्थियों को समय पर भुगतान के निर्देश दिए गए। आयुष्मान वय वंदन योजना में रजिस्ट्रेशन के निर्देश दिए गए। आरबीएसके कार्यक्रम के तहत शिविरों में बच्चों की स्क्रीनिंग व उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीसीपीएनडीटी योजना में नियमित निरीक्षण व डिकोय ऑपरेशन के निर्देश दिए गए। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में चल रही गतिविधियों पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग, पोषण किट वितरण निक्षय पोषण योजना व टीबी मुक्त ग्राम पंचायत पर चर्चा हुई।

## एसएमसी एसडीएमसी प्रशिक्षण शिविर का समापन

### स्कूल विकास में जनभागीदारी पर दिया गया जोर

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** नावां ब्लॉक के सोहनी देवी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, इन्दोखा में 16 जनवरी से आयोजित एसएमसी (स्कूल मैनेजमेंट कमेटी) व एसडीएमसी (स्कूल डेवलपमेंट एंड मॉनिटरिंग कमेटी) सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय प्रबंधन में सामुदायिक सहभागिता को सशक्त बनाना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए समिति सदस्यों की भूमिका को प्रभावी बनाना रहा। समापन सत्र में मास्टर ट्रेनर व प्राचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांकरिया हेमराज चौधरी ने कहा कि एसएमसी व एसडीएमसी विद्यालय व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी सक्रिय व जिम्मेदार भागीदारी से ही विद्यालयों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने सदस्यों से आह्वान किया कि वे केवल बैठकों तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यालय के प्रत्येक विकासात्मक कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाएं। हेमराज चौधरी ने मिड-डे मील की गुणवत्ता व नियमितता की निगरानी, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने, गृहकार्य की निरंतर समीक्षा, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, भौतिक संसाधनों के संरक्षण, मरम्मत और आधारभूत सुविधाओं के विकास में समिति की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि समुदाय और विद्यालय प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से बच्चों को बेहतर व सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एसएमसी व एसडीएमसी का उद्देश्य केवल निरीक्षण करना नहीं, बल्कि समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए सकारात्मक पहल करना है। पारदर्शिता बनाए रखने, नियमित बैठकें आयोजित करने और अभिभावकों को शिक्षा प्रक्रिया से जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागियों को समिति के अधिकार व कर्तव्य, विभिन्न सरकारी योजनाओं, विद्यालय संचालन की प्रक्रिया और शैक्षणिक सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव साझा करते हुए विद्यालय विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इन्दोखा, कांकरिया, हरिपुरा व महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय इन्दोखा की एसडीएमसी समितियों के सदस्य, साथ ही राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मेघवालों की ढाणी, गणेशपुरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय रमोलाई तलाई व शीतलामाता की तलाई के समिति सदस्यों ने सहभागिता की।

## एनएसएस विशेष शिविर के तृतीय दिवस में श्रमदान व साइबर जागरूकता का संदेश

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** रूकमणी देवी रामदेव लढा राजकीय महाविद्यालय, नावां में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. वन्दना चौधरी की ओर से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय कुमार बंशीवाल एवं डॉ. राजेश चौधरी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित उद्यान में उगी खरपतवार व जंगली पौधों को हटाकर श्रमदान किया। इस दौरान परिसर स्वच्छता व सौंदर्यीकरण का संदेश दिया गया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के पूर्व वरिष्ठ सहायक व वर्तमान उप निरीक्षक (राजस्थान पुलिस) राजेन्द्र कॉटवा ने छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने फर्जी कॉल, ऑनलाइन ठगी, ओटीपी फ्रॉड व सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही अनजान लिंक से बचने, व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने तथा मोबाइल व कंप्यूटर में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वन्दना चौधरी, दोनों एनएसएस इकाइयों की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोना अग्रवाल, प्रो. पदमाराम जाखड़, गुमानाराम सहित महाविद्यालय स्टाफ व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## नानी बाई का मायरा कलश यात्रा से शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के अंतर्गत पंवालिया गांव में शनिवार को नानी बाई का मायरा धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सैकड़ों महिलाओं ने निकाली। भव्य कलश यात्रा से हुआ, जिसने पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। सुबह से ही पंवालिया गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी परिधानों में सजी-धजी सिर पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुईं। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद और भक्ति गीतों के मधुर स्वर के बीच कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया, वहीं जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक सुजा राम गाड़ोदिया एवं ग्राम पंचायत पंवालिया के प्रशासक रामराज चौधरी ने बताया कि नानी बाई का मायरा कार्यक्रम 17 जनवरी से 19 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन कथा वाचन, भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का भाव देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन कथावाचक साध्वी सुभद्रा ने नानी बाई का मायरा प्रसंग सुनाते हुए श्रीकृष्ण भक्ति से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उनकी मधुर वाणी और सरल शैली ने कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों के दौरान श्रद्धालु झूम उठे और हरि नाम के जयकारों से पंडाल गुंजायमान हो गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से की गईं। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में विशेष भजन संध्या, धार्मिक अनुष्ठान और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। नानी बाई का मायरा कार्यक्रम को लेकर पंवालिया सहित आसपास के गांवों में भी विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

## कैरली व बजरंगपुरा में कैरियर गाइडेंस सेमिनार

### विद्यार्थियों को मिला भविष्य निर्माण का मार्गदर्शन

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैरली एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बजरंगपुरा में कैरियर गाइडेंस सेमिनार का शनिवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम एनएसएचआरडी एनजीओ के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैरली में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को करियर चयन, उच्च शिक्षा व रोजगार के अवसरों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र प्रजापति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय को ध्यान में रखते हुए अभी से लक्ष्य तय कर मेहनत करना आवश्यक है। उन्होंने स्किल डेवलपमेंट, प्रतियोगी परीक्षाओं व आत्मनिर्भर बनने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर बलराज सिंह व रविशंकर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ से हजारी लाल, शंकर योगी, शंकर जाट, कल्पना मीना, प्रेम सिंह, हेमराज, झाबर सिंह एवं धूणी लाल गुर्जर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बजरंगपुरा में आयोजित कैरियर गाइडेंस सेमिनार में विद्यालय की प्रधानाचार्य मधु भास्कर की अध्यक्षता वह पंडित सोहनलाल व्यास के मुख्य अतिथि बतौर कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यार्थियों को करियर से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में व्याख्याता ओमप्रकाश इंदौरिया, वरिष्ठ अध्यापक कमलेश कुमार मिश्रा, कैलाशचंद्र धानका, रामसिंह यादव, अध्यापक गजानंद स्वामी, सुरेश कुमार, शीशराम जाट, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला जाट, शारीरिक शिक्षक नथमल यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने करियर से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता जताई, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को सही दिशा मिल सके।

## भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने सतीश पूनियां से की मुलाकात

### संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा

### बड़ौली ने डा. सतीश पूनिया को भगवान कृष्ण की तस्वीर भेंट कर किया अभिवादन

जयपुर टाइम्स



**चंडीगढ़/जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली शुक्रवार को जयपुर पहुंचे और यहां उन्होंने हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया से शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं में इस मौके पर हरियाणा के राजनीतिक हालातों के साथ साथ संगठनात्मक के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली और प्रभारी डाक्टर सतीश पूनिया की आधे घंटे से अधिक चर्चा हुई। पंडित मोहनलाल बडौली ने प्रभारी को भगवान कृष्ण की तस्वीर देकर उनका अभिवादन किया।

# शिव मंदिर चोरी का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

### दानपात्र से नकदी व पूजा सामग्री चोरी करने का मामला सुलझाया

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** पुलिस थाना फुलेरा ने शिव मंदिर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। ग्राम सुरसिंहपुरा स्थित शिव मंदिर से पूजा सामग्री व दानपात्र से नकदी चोरी करने वाले आरोपी प्रवीण कुमार को पुलिस ने पकड़कर उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान, घटना में प्रयुक्त लोहे का हथौड़ा तथा एक बिना नंबरी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है।उप महानिरीक्षक पुलिस व सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी (आईपीएस) ने बताया कि 15 जनवरी को दीपक कुमार योगी पुत्र सुल्तान मल योगी, निवासी सुरसिंहपुरा, हाल पुजारी शिव मंदिर सुरसिंहपुरा ने थाना फुलेरा में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के अनुसार 5 जनवरी को चोर ने शिव मंदिर में प्रवेश कर शिवलिंग पर लगा पीतल का झारा, पीतल की घंटियां, तांबे की झालर, बाल्टियां, पूजा का कीमती सामान तथा दानपात्र का ताला तोड़कर लगभग 15 हजार रुपये चोरी कर लिए। इस पर थाना फुलेरा में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा तथा पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में थानाधिकारी फुलेरा राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम की ओर से तकनीकी सहायता व आसूचना संकलन के आधार पर आरोपी की पहचान कर लगातार प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 16 जनवरी को कस्बा जोबनेर से आरोपी प्रवीण कुमार पुत्र सीताराम रैगर, उम्र 22 वर्ष, निवासी खटीकों का मोहल्ला जोबनेर, थाना जोबनेर, जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ व अनुसंधान के दौरान आरोपी के कब्जे से पूजा आरती की धातु की घंटियां, झालर, शिवलिंग का झारा, कड़ा, घटना में प्रयुक्त लोहे का हथौड़ा तथा चोरी में उपयोग की गई। बिना नंबरी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर साइकिल बरामद की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी धार्मिक स्थलों की रैकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देता था तथा इसके विरुद्ध पूर्व में भी थाना जोबनेर में चोरी व नकबजनी के तीन प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक मोहन लाल सहित पुलिस जाप्ता शामिल रहा।

# शेखावाटी की कला और संस्कृति के मुरीद हुए अमेरिकी छात्र : डेस्टिनेशन नवलगढ़ का भव्य समापन

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और शेखावाटी के गौरवशाली इतिहास से विश्व को रूबरू कराने के उद्देश्य के साथ दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट की ओर से आयोजित 16 दिवसीय विशेष शैक्षणिक प्रवास कार्यक्रम 'डेस्टिनेशन नवलगढ़' का 16 जनवरी को भव्य समापन हुआ।

1 जनवरी से शुरू हुए इस अनूठे आयोजन में अमेरिका की ईस्ट टेनेसी स्टेट यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और राजस्थान की मिट्टी की खुशबू को आत्मसात किया। कार्यक्रम का आगाज राजस्थानी परंपरा के अनुसार अमेरिकी विद्यार्थियों के आरती, पुष्प वर्षा से स्वागत के साथ किया गया। इन 16 दिनों में विद्यार्थियों ने न केवल पोदार हवेली म्यूजियम और क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों के विश्वप्रसिद्ध भित्ति चित्रों का बारीकी से अध्ययन किया बल्कि विशेषज्ञों के माध्यम से स्थापत्य कला के रहस्यों को भी समझा। विद्यार्थियों के लिए यह केवल एक भ्रमण नहीं, बल्कि एक 'लर्निंग एक्सपीरियंस' रहा, जिसमें उन्होंने अनेक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया जैसे मेहंदी लगाना,




साड़ी पहनना और रंगोली सजाना सीखा, प्रतिदिन योगाभ्यास के जरिए भारतीय 'वेलनेस' दर्शन को समझ, मकर संक्रांति पर पतंगबाजी और ऊंट की सवारी का लुत्फ उठाया। इस प्रवास के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल कला सीखी बल्कि सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक उद्यमिता के भविष्य पर भी चर्चा कि जिसके तहत कौशल विकास और रोजगार, महिला सशक्तिकरण (लर्न एंड अर्न) ऑर्गेनिक खेती, मानसिक स्वास्थ्य और नवाचार आदि पर विचार किया गया। उन्हें सिखाया गया कि किस प्रकार प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों को आधुनिक सोच के साथ जोड़कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। यहाँ आए 'इतिहास बैच' के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक प्रवास के दौरान प्राचीन भारत से लेकर आधुनिक काल तक की गौरवशाली गाथा को गहराई से समझा। विद्यार्थियों के इस दल ने भारतीय इतिहास के विभिन्न पड़ावों का गहन अध्ययन किया। सिंधु घाटी सभ्यता की नगर नियोजन प्रणाली और प्राचीन व्यापारिक संबंधों की जानकारी,

मौर्य और गुप्त वंश जैसे स्वर्णिम काल के शासकों की प्रशासनिक कुशलता और स्थापत्य कला तथा भारतीय आजादी की लड़ाई और देश के वीर सपूतों के संघर्ष का इतिहास। समापन अवसर पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रिषिका पोदार ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक और शैक्षणिक मूल्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाना है, नवलगढ़ की हवेलियों में अंकित चित्र केवल रंग नहीं, बल्कि जीवित इतिहास हैं। हमें गर्व है कि हम शेखावाटी के पर्यटन को एक नई वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में अग्रसर हैं। पोदार एजुस्पेस के सीओओ व सह संस्थापक वेदांत पोदार ने कहा कि डेस्टिनेशन नवलगढ़ सस्टेनेबिलिटी और सोशल एंटरप्रेन्योरशिप केन्द्रित रहा तथा हमारा ध्येय है कि हम युवाओं को एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स देकर उनके भविष्य को सुरक्षित करने में सहभागिता निभातें हैं। समापन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और विशेष स्मृति चिह्न भेंट किए गए। समापन समारोह में श्वङ्गस के सीनियर इंटरनेशनल ऑफिसर और इंटरनेशनल एजुकेशन के डीन डॉ. क्रिस्टोफर केलर ने कहा कि डेस्टिनेशन नवलगढ़ प्रोग्राम श्वङ्गस के विदेश में शिक्षा पोर्टफोलियो का एक अनमोल हिस्सा है। आनंदिलाल पोदार ट्रस्ट और पोदार कॉलेज के साथ यह पार्टनरशिप रिसर्च प्रोजेक्ट, कम्युनिटी सर्विस और इंटर्नशिप के ज़रिए असरदार लर्निंग देती है। आज की दुनिया में, किसी भी ग्रेजुएट को भारत की अहम् ग्लोबल भूमिका की समझ की कमी नहीं होनी चाहिए, यह प्रोग्राम यह पक्का करता है कि ऐसा नहीं होगा। अमेरिकी विद्यार्थियों ने भावुक होते हुए कहा कि शेखावाटी कि स्वर्ण नगरी नवलगढ़ का आतिथ्य और राजस्थान की कला और जीवंत संस्कृति का अनुभव विशेष रूप से राजस्थानी व्यंजनों ने उन्हें खूब लुभाया। नवलगढ़ की ऐतिहासिक हवेलियां, यहाँ का इतिहास और यहाँ की भित्ति चित्र कला उनके जीवन की सबसे अनमोल स्मृतियों में से एक रहेगी। दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट के माननीय चेयरमैन राजीव के पोदार ने कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि 'पोदार ट्रस्ट सदैव शिक्षा और संस्कृति के समन्वय में विश्वास रखता है। 'डेस्टिनेशन नवलगढ़' के माध्यम से हमारा प्रयास शेखावाटी की इस अनमोल विरासत को वैश्विक पटल पर मजबूती से स्थापित करना है। विदेशी विद्यार्थियों का यहाँ आकर हमारी जड़ों से जुड़ना इस मिशन की बड़ी जीत है।

## अभिनेत्री रश्मि देसाई ने किए सालासर बालाजी के दर्शन




जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** प्रसिद्ध अभिनेत्री रश्मि देसाई शुक्रवार को सालासर पहुंची। श्री हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी ने बताया कि अभिनेत्री रश्मि देसाई ने श्री सालासर बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना कर नारियल बांधा और मन्नत मांगी। इस दौरान यशोदानंदन पुजारी, बबलू खंडेलवाल सहित अनेक लोगों ने बालाजी का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया।

## ओजस जोशी ने शतरंज खेल में लहराया परचम




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के वार्ड नंबर 29 निवासी शिक्षाविद विशंभर लाल जोशी के पौत्र ओजस जोशी पुत्र दत्त जोशी केंद्रीय विद्यालय संगठन की झारखंड में 69 नेशनल शतरंज प्रतियोगिता 13 से 17 जनवरी रांची शहर के मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स खेलगांव में संपन्न हुई है। जिसमें लक्ष्मणगढ़ के लाडले ओजस जोशी ने लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया। इस समाचार की सूचना मिलने पर पूरे परिवार ने इष्ट देवता के सामने दीपक जलाकर उसके मंगल कामना की और समाज के लोगों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दी।

## सुरेन्द्र सैनी शेखावाटी संभाग सचिव नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा रजि. राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. महेश कुमार सैनी ने संगठन का विस्तार करते हुए सुरेन्द्र कुमार सैनी पुत्र मक्खनलाल सैनी वार्ड नंबर 2 नवलगढ़ झुंझुनूं को राजस्थान शेखावाटी संभाग सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति सुभाष चौबदार प्रदेश मिडिया प्रभारी राजस्थान की अनुशंसा पर की गई।

## मोरारका महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव को

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनूं में 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह 'उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि राजेन्द्र भाम्बू होंगे। समारोह के दौरान शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक व पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना तथा उनमें प्रतिस्पर्धात्मक और सृजनात्मक भावना का विकास करना है। इस अवसर पर राज्य बजट घोषणा के बिन्दु संख्या 30 के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए वाचनालय/रीडिंग रूम तथा महाविद्यालय में ऑनलाइन व्याख्यान रिकॉर्डिंग सुविधायुक्त स्मार्ट कक्षा कक्ष का उद्घाटन भी किया जाएगा।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र के तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत अभियान' की 5वीं वर्षगांठ पर 'नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत' की थीम पर व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता कल्पना सहायक आचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय झुन्झुनू ने उपस्थित छात्राओं को मादक पदार्थों व नशीली दवाओं के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। कार्यक्रम के अन्त में सहायक आचार्य वन्दना कुमारी ने उपस्थित छात्राओं को 'नशा मुक्ति' की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी अविनाश कुमार मील ने राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में चल रहें सप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तिम दिवस को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन व विचारों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्र भक्ति व नैतिक मूल्यों के सवंर्धन तथा स्वदेशी के बारे में बताया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य सुभाष चन्द्र व नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र के प्रभारी अविनाश कुमार मील सहायक आचार्य, योगेन्द्र कुमार, रविकान्त मीणा, सत्यनारायण, अशोक कुमार सैनी, सुनीता उपस्थित रहें।

# सांसद राहुल कस्वां ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का उदघाटन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चूरू जिला सांसद राहुल कस्वा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष व विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने गांव पारेवड़ा, बैरासर और करेज़ड़ा करेजड़ा में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया है। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि आपणी योजना के तहत गांवों में पानी की टंकियों का निर्माण हो चुका है, लेकिन उन्हें जोड़ने के लिए 48 करोड़ रूपए की आवश्यकता है। सांसद ने कहा कि चूरू लोकसभा क्षेत्र की 48 हजार ढाणियों का विद्युतीकरण का कार्य स्वीकृत हो चुका है। कस्वा ने कहा कि उन्होंने 135 उच्च माध्यमिक स्कूलों में कंप्यूटर लाइब्रेरी बनवाई है। इस दौरान सांसद ने पारेवड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कंप्यूटर लैब, बैरासर के सिद्ध समाज के श्मशान में टीन शेड का निर्माण करवाने की घोषणा की। इस मौके पर कांग्रेस के चूरू जिला अध्यक्ष व विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस के शासन में क्षेत्र की 58 स्कूलों को क्रमोन्नत करवाया तथा तीन नए कॉलेज खोले। विधायक मनोज मेघवाल ने पारेवड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक कक्षा कक्ष का निर्माण करवाने तथा बैरासर के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक



विद्यालय में टीन शेड बनवाने की घोषणा की। मनोज मेघवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना को खत्म कर दिया है। अब जी राम जी के नाम से नई योजना शुरू की है, जिसमें दिल्ली में बैठे अधिकारी तय करेंगे कि आपके गांव में क्या काम होने है। जबकि मनरेगा में ग्राम पंचायत व पंचायत समिति की ओर से गांव की आवश्यकतानुसार प्रस्तावित विकास कार्यों का जिला परिषद की ओर से अनुमोदन किया जाता था। गांव पारेवड़ा में विधायक कोष से निर्मित दो कक्षा कक्षों एवं सांसद कोष से निर्मित एक कक्षा कक्ष तथा बैरासर में राज्य सभा सांसद के सी वेणुगोपाल के सांसद कोष से निर्मित डिजिटल लाइब्रेरी, धनेरू से बैरासर सड़क, ट्यूबवेल, जर्जर घोषित स्कूल में एक कक्षा कक्ष, एक हाई मास्क लाइट, करेजड़ा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व देहात अध्यक्ष विद्याधर बेनीवाल ने भी उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया। इस दौरान रामचंद्र गोदारा, विजयपाल चाहर, महेंद्र डूकिया, क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष नरपत गोदारा, मुनीराम सारण, रूपाराम कस्वा, मनसुख गोदारा सहित अनेक कांग्रेस नेता साथ रहे। बैरासर में सरपंच रामी दुसाद ने आभार जताया। डॉ रामेश्वर दुसाद ने स्वागत किया। गांव पारेवड़ा में लक्ष्मी नारायण केवटिया, रामनारायण सारण, रामनारायण प्रजापत, चंद्राराम मेघवाल, नारायण सिंह, बद्रीनारायण सुथार, बैरासर में रामूराम दूसाद, प्रभुराम, बन्नाराम मेघवाल, बाबूलाल सुथार, पदमनाथ, मालाराम दूसाद, पंच गोपालराम, गणपत राम सिहाग, हुकमाराम दूसाद ने साफा व पुष्पहार पहना कर अतिथियों का स्वागत किया।

## रामजी योजना विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगी : सैनी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भाजपा नेता विजेन्द्र सैनी ने शनिवार को जारी वक्तव्य में कहा कि 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी-जी रामजी योजना वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगी। जहां भगवान राम का नाम आता है, कांग्रेस विरोध करती है मनरेगा की कमियों को दूर करते हुए इस योजना के लिए नया कानून बनाया गया है। उन्होंने बताया कि योजना का प्रस्तावित बजट करीब 1.51 लाख करोड़ रुपए है। भ्रष्टाचार रोकने के लिए डिजिटल तकनीक और ऑडिट व्यवस्था लागू की जाएगी। मजदूरी भुगतान में देरी पर



ब्याज और साप्ताहिक भुगतान जैसे प्रावधान किए गए हैं। विकास कार्य ग्राम सभा की स्वीकृति के बाद ही शुरू होंगे। विजेन्द्र सैनी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस योजना पर भी भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि जहां भगवान राम का नाम आता है, कांग्रेस विरोध करती है और इसी कारण उसका भविष्य नहीं है। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार के कामकाज की भी सराहना की।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/8815 दिनांकः- 09/10/2025

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका अंकित आवेदको ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धार 69-क / कृषि भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्वप पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत् स्वामित्व पट्टे आवंटन हेतु पत्रावलियां प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अन्दर नियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा ।

| क्र.स. | नाम आवेदनकर्ता | आसा-पासा | पता | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती तमन्ना पत्नी श्री विकाश दर्जी | उतर- रास्ता<br>दक्षिण-धीराराम मेघवाल<br>पूर्व- शैतानाराम<br>पश्चिम - पूर्णाराम | वार्ड नं. 03 राजलदसर | 185.03 वर्गमीटर | 69-क |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका राजलदेसर**

**कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू**

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र. सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 44/2025-26 | Fencing Work Shimla grassland 50 Hac. Range Sardarshahar (4400RMT) | 4.86 लाख | FOR 2526 WSOB 04801 |

अल्पकालीन खुली बोली सूचना सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

**उप वन संरक्षक,**
**चूरू**

# कांग्रेस ने मतदाता सूची गड़बड़ी पर की चर्चा, अनियमितताओं पर जताई चिंता

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में शनिवार को पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित गड़बड़ियों और अनियमितताओं पर चर्चा की गई। रफीक मंडेलिया ने एसआईआर (सिर) की गड़बड़ियों और अन्य अनियमितताओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस संबंध में सजग रहने का आह्वान किया। मंडेलिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी से बढ़ाकर 19 जनवरी कर दी है। उन्होंने चिंता व्यक्त जताई कि भाजपा की ओर से अधिकृत बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में बिना किसी



ठोस कारण या विवरण के बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा कर रहे हैं। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि बढ़ने के कारण ऐसे फॉर्म की संख्या और अधिक हो सकती है। इसलिए, पार्टी के सभी बीएलए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सजग रहने की आवश्यकता है। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर दांदू, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, धर्मेन्द्र बुडानिया, आशाराम सैनी, मो. हुसैन निर्वाण, रमजान खान, अबरार खान, सोहनलाल मेघवाल, असलम खान मोयल, अजीज दिलावरखानी, विमल शर्मा, आरिफ रिसालदार, शिवकुमार शर्मा, ताराचंद बाठिया, हेमन्त सिहाग, अनीस खान, विनोद खटीक, तोफिक खान, समीउल्लाह, सुरेश फोगावट, दीपिका सोनी, नवाब खां, सुशील स्वामी और कुरडाराम भाकर सहित कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसआईआर के तहत बन रही मतदाता सूची पर तारानगर में बवाल

### वोट काटने के आरोपों को लेकर सैकड़ों ग्रामीण विधायक बुड़ानिया से मिले

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के तहत तैयार की जा रही मतदाता सूची में कथित रूप से गलत तरीके से वोट काटे जाने के आरोपों को लेकर तारानगर विधानसभा क्षेत्र में असंतोष गहराता जा रहा है। इसी को लेकर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक निवास पहुंचकर स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया से मुलाकात की और अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। ग्रामीणों ने सरकार और सरकारी तंत्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 15 जनवरी तय थी, जिसे निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर 19 जनवरी कर दिया, लेकिन इसके बावजूद कई वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि इस प्रक्रिया में जानबूझकर गड़बड़ी की जा सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि विशेष रूप से कांग्रेस समर्थक और जातिगत आधार पर वोट काटने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जायज मतदाताओं के नाम हटाए गए तो पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक और उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों की बात सुनते हुए विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वे हर जायज वोट की रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक मेरे शरीर में प्राण हैं, तब तक मैं आपके अधिकारों के लिए संघर्ष करता रहूंगा और किसी भी निर्दोष मतदाता का वोट कटने नहीं दूंगा। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सहारण, हरिसिंह बेनिवाल, बाबू हुसैन कुरैशी, विमला कालवा, भंवरू खां, अजीज खां, जैसाराम मेघवाल, जुगलाल बरोड़, दौलतराम मेघवाल, पन्नालाल कस्वां, प्रकाश मेघवाल, मुंशी खां, दिनेश प्रजापत, जगदीश सहारण, रामस्वरूप झाझड़िया, मानसिंह सैनी, कुंदन सैनी सहित तारानगर विधानसभा क्षेत्र व आसपास के गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने एक स्वर में मतदाता सूची को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से तैयार करने की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र की नींव मताधिकार है और इसके साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत लालगढ़**
**पंचायत समिति बीदासर**

क्रमांक :- दिनांक :- 16.01.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत लालगढ़ में वर्ष 2025-26 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यो हेतु ई - निविदायें आंमत्रित की जाती है । इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 23.01.2026 को खोली जायेगी ।

| क्र.सं. | निविदा सूचना संख्या | NIB NO | UBN No | वि. वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 8/2025-26/16.01.2026 | ZCR2526A1324 | ZCR2526WSOB02296 | |

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत लालगढ**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लालगढ**

# घर में घुसकर लाखों की चोरी का खुलासा, गैंग का सरगना अरमान उर्फ वीडियो गिरफ्तार

## 12 से ज्यादा चोरी की वारदातें कबूली, 2.70 लाख रुपये बरामद

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** धौलपुर पुलिस ने घरों में घुसकर नकदी व आभूषण चोरी करने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। गिरोह के मुख्य सरगना अरमान उर्फ वीडियो को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब तक इस मामले में गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 2 लाख 70 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं, जबकि सोने-चांदी के जेवरात की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व वृत्ताधिकारी शहर कृष्णराज जांगिड के सुपरविजन तथा थाना निहालगंज थानाधिकारी अमित शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। घटना 26 दिसंबर 2025 की है, जब मानसरोवर कॉलोनी, धौलपुर निवासी श्वेता तिवारी पत्नी राकेश तिवारी ने थाना निहालगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई कि चोर उनके घर से नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर बदमाशों की पहचान की। बार-बार ठिकाने बदलने के बावजूद पुलिस ने पहले साहिल पुत्र रसूल खां (19) निवासी विपरपुर थाना मनियां और अरमान पुत्र सहजाद (21) निवासी कंचनपुर को गिरफ्तार किया। इसके बाद 13 जनवरी 2026 को मुख्य आरोपी अरमान उर्फ वीडियो पुत्र भरोसी (24) निवासी विपरपुर थाना मनियां को सुआ का बाग क्षेत्र से दबोच लिया गया।

### एक दर्जन से अधिक वारदातें कबूलीः

पूछताछ में आरोपी अरमान उर्फ वीडियो ने धौलपुर जिले में करीब 12 घरों में चोरी करना स्वीकार किया है। उसने थाना निहालगंज क्षेत्र के राजाखेड़ा बाइपास, महाराणा प्रताप नगर सहित अन्य इलाकों और थाना कोतवाली क्षेत्र की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। इसके अलावा आरोपी ने मुरैना और करौली में भी चोरी करना बताया है। इन मामलों में पुलिस का अनुसंधान जारी है।

### चोरी का तरीका भी आया सामने

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिन में मोटरसाइकिल से कॉलोनियों में घूमकर बंद घरों की दो-तीन बार रेकी करते थे। इसके बाद रात में चोरी से पहले फिर से रेकी कर ताला बंद मिलने पर पाइप रिंच और सरिया से ताले तोड़कर घर में घुसते थे। वारदात में तीन लोग शामिल रहते और चोरी के बाद नकदी व सामान को बराबर हिस्सों में बांट लेते थे।

### इनकी रही अहम भूमिका

पूरे मामले का खुलासा करने और आरोपियों की गिरफ्तारी में हेड कांस्टेबल गिरधारी तथा कांस्टेबल सौरभ व रविन्द्र की विशेष भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि शेष चोरी का माल जल्द बरामद कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय चोरी गिरोहों में हड़कंप मच गया है।

## पूर्व आईजी सत्यवीर सिंह बने अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर समिति के नए अध्यक्ष




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** डॉक्टर अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश स्तरीय चुनाव के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूर्व आईजी सत्यवीर सिंह को चुना गया है इसके बाद समूचे रजक समाज के पदाधिकारियों ने झालना स्थित अंबेडकर भवन में पहुंचकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यवीर सिंह और उनकी पैनल टीम का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने कहा कि रजक समाज हमारे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमेशा चला है, आगे भी हम रजक समाज को साथ लेकर चलेंगे क्योंकि एक पेड़ होता है जिसकी कई टहनियां होती हैं उसी टहनियों में एक टहनी हमारे रजक समाज के रूप में है जो हमेशा हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहती है। मैं संपूर्ण रजक समाज का हृदय से स्वागत करता हूं। इस मौके पर विश्व रजक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र अखरिया, समन्वय समिति के पूर्व अध्यक्ष मदनलाल खाचरियावास, पूर्व बैंक मैनेजर रामजीलाल, प्रदेश महासचिव प्रमोद दिवाकर, गजेंद्र सोलंकी, रोहित दिवाकर, युवा नेता नीरज दिवाकर व सुनील दिवाकर जारगा सहित अन्य रजक समाज के लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक धाकड़ के जन्मदिन पर सेवा कार्यों का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के जन्मदिन पर विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरेटीबल ट्रस्ट की ओर से विवेक धाकड़ की पुण्यस्मृति में परोपकार दिवस के रूप मे आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय जन हितार्थ कार्यो के दौरान शनिवार को बिजौलियां समेत मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन स्थानों पर कंबल, स्कूल बेग तथा फल वितरण के साथ ही गौशालाओ में गायों को लापसी व हरा चारा खिलाया।विधानसभा सभा क्षेत्र में दो टीमों का गठन कर दो उप जिला चिकित्सालयों, तीन विद्यालयों, तीन मन्दिरों व पांच गौशालाओं समेत कुल 13 स्थानो पर जन हितार्थ कार्य किए गए। पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैया लाल धाकड़, ट्रस्ट चेयरमैन दीपशिखा धाकड़, उप प्रधान कैलाश धाकड़, ऊपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष नारायण लाल धाकड़, धाकड़ समाज पंचायत अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, सामूहिक विवाह सम्मेलन कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश धाकड़, थडोदा ग्राम पंचायत प्रशासक राजेश धाकड़, आदर्श विद्यापीठ सचिव रमेश धाकड़, खनन व्यवसाई वीरेंद्र धाकड़, एडवोकेट रामफूल धाकड़, एडवोकेट मनीष धाकड़, नरेश तंवर, सुनील शर्मा व प्रदीप शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## स्वेटर व कम्बल वितरण कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** बाल भारती विद्या निकेतन, मण्डावा में रविवार को सुबह सवा 10 बजे ढण्ढों के बालाजी मन्दिर सोसायटी, मण्डावा की ओर से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर और असहाय, गरीब व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी राजेन्द्र सनोदिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष सज्जन मिश्रा करेंगे जबकि मण्डावा नगर पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी, डॉ0 राधारमण शर्मा, डॉ0 साधना शर्मा, भास्कर शर्मा, विष्णु शर्मा अमेरिका प्रवासी विनायक शर्मा आदि मंचासीन अतिथि होंगे।

### हलवाई कल्याण मज़दूर समिति का गठन

## रात 12 बजे के बाद कार्य नहीं करेंगे हलवाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर में हलवाई, क्रॉकरी व इवेंट टेंट व्यवसाय से जुड़े श्रमिकों और व्यवसायियों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को प्रातः 11 बजे भार्गव वाटिका में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में साथियों की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से हलवाई कल्याण मज़दूर समिति का गठन किया गया और संगठन को सशक्त व अनुशासित बनाने का संकल्प लिया गया। पदाधिकारियों का चयन बैठक में सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्षः राजेश कांटे (कांटे केटर्स, धौलपुर) उपाध्यक्षः बबलू हलवाई (श्री लाडली केटर्स, धौलपुर) सचिवः अरुण शर्मा उर्फ कलुआ हलवाई (राजे केटर्स, धौलपुर) संयोजकः विमल भार्गव (भार्गव वाटिका, धौलपुर)। सभा में यह महत्वपूर्ण निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया कि रात 12 बजे के बाद कोई भी हलवाई कार्य नहीं करेगा। इस निर्णय पर सभी उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताते हुए इसे श्रमिक हित, स्वास्थ्य और अनुशासन की दिशा में आवश्यक कदम बताया।

### बड़ी संख्या में रही सहभागिताः

बैठक में मुकेश मेरिया निषाद, भोला हलवाई, लक्खो हलवाई, पप्पू हलवाई, मुकेश कुशवाह, मुन्ना हलवाई, बंटी हलवाई, दीपक चाट वाला, सोनू हलवाई, सत्यपाल एस.पी. हलवाई, रिंकू क्रॉकरी, अल्ले क्रॉकरी, भानु क्रॉकरी, रवि क्रॉकरी, हरीश त्यागी, छोटू प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, राकेश कुशवाह, राजवीर हलवाई, सनी हलवाई सहित अनेक साथी उपस्थित रहे। नवगठित समिति ने संगठन की मजबूती, आपसी एकता, अनुशासन तथा हलवाई समाज के हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

## हिन्दू सम्मेलन से पूर्व निकाली विशाल वाहन रैली

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निस)।** कस्बे में रविवार को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर शनिवार को विशाल वाहन रैली निकाली गई।थानेश्वर महादेव से प्रारम्भ हुई रैली में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां, महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग भगवा झण्डियां लगे सैंकड़ों दुपहिया वाहनों पर सवार हो कर डीजे पर बज रहे जोशीले धार्मिक गीतों के साथ ही भारत माता की जय, जयश्रीराम, जय शिवा सरदार की-जय राणा प्रताप की और वन्देमातरम जैसे गगनभेदी जयघोष लगाते हुए चल रहे थे। वहीं सबसे आगे महिला वाहिनी थी जिसमें महिलाओं की ओर से केसरिया साफे पहने हुए थे।आलम यह था कि जहां तक नजर जा रही थी वहां तक भगवा पताकाएं और दुपहिया वाहन नजर आ रहे थे।करीब डेढ़ किमी लम्बी वाहन रैली जहां से भी गुजरी कस्बेवासी देखने के लिए उमड़ पड़े।रैली से पूरे कस्बे का माहौल हिन्दुत्वमय हो गया। वाहन रैली की विशालता को लेकर कस्बे के इतिहास में इसे पहली वाहन रैली बताया जा रहा हैं। लोगों का कहना हैं कि इससे पूर्व ऐसी विशाल वाहन रैली नहीं देखी गई। कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजर कर रैली पुनः थानेश्वर महादेव मन्दिर पहुंची जहां समापन हुआ। रविवार को आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।पुलिस स्टेशन के सामने विशाल धर्मसभा का आयोजन होगा।इससे पूर्व श्री चारभुजा मन्दिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो आयोजन स्थल पहुंचेगी।धर्मसभा में श्री पंचमुखी ठाकुरजी महाराज भट्टों का बामणियां से गुरुदेव महेंद्र भट्ट धर्ममय उद्बोधन देंगे। शोभायात्रा में 1100 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर साथ चलेगी। वहीं धर्मसभा के बाद सामूहिक प्रसादी का आयोजन होगा। इसमें 7 हजार लोगों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई हैं।

## भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक में संगठन विस्तार और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर मंथन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक कृषि भवन, सब्जी मंडी परिसर स्थित चौपड़ा मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, युवाओं की भागीदारी और ग्राम स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि संभाग उपाध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर, विशिष्ट अतिथि प्रांत उपाध्यक्ष नत्थी सिंह परमार और अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश पाल सिंह ने की। इस अवसर पर नत्थी सिंह परमार ने युवाओं को संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर देते हुए युवा इकाइयों को मजबूत करने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया और अपने सुझाव साझा किए। राजस्व प्रमुख लक्ष्मण सिंह चौहान ने प्रत्येक तहसील की हर पंचायत में संगठन की टीम तैयार करने का सुझाव दिया। वहीं जिला मंत्री गणेशीलाल ने प्रत्येक तहसील के रेवेन्यू विलेज स्तर पर प्रभारी व सह-प्रभारी नियुक्त करने की आवश्यकता बताई, ताकि संगठन की पकड़ जमीनी स्तर तक मजबूत हो सके।

जैविक व गौ-सेवा प्रमुख ग्या प्रसाद मीणा ने जैविक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए इसके लाभ बताए। उन्होंने कहा कि अपनी देशी नस्लों, राष्ट्र और खेती की उर्वरक क्षमता को बचाने के लिए जैविक खेती की ओर लौटना समय की मांग है।

बैठक में अमर सिंह, जिला प्रचार प्रमुख अशोक सिकरवार, जिला संरक्षण प्रमुख अमर सिंह लोधा, बीमा व बैंकिंग प्रमुख ओमप्रकाश, जिला सुरक्षा प्रमुख अशोक पटेल, तहसील अध्यक्ष राजाखेड़ा उमा शंकर त्यागी, तहसील अध्यक्ष जारगा सुरेश सिंह, जिला युवा प्रमुख भारत सिंह सिसोदिया, रामनिवास त्यागी, सुरेन्द्र सिंह परमार, गंगाराम चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## श्री चित्रगुप्त अखाड़ा स्थापना दिवस पर तीन राष्ट्रीय महत्व के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/नई दिल्ली।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 14 जनवरी को श्री चित्रगुप्त अखाड़ा के स्थापना दिवस के अवसर पर हिंदू महासभा भवन, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली में भव्य, ऐतिहासिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखाड़े के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष व सनातन सम्राट स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण, मंत्र-जाप व भगवान के ध्यान के साथ हुआ। इसके पश्चात 'सनातन धर्म की जय' और 'भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की जय' के नारों के बीच स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि महेश योगी के चित्रों पर माल्यार्पण कर विधिवत शुरुआत की गई। आध्यात्मिक और राष्ट्रवादी वातावरण ने पूरे आयोजन को ऊर्जा और राष्ट्रबोध से भर दिया। कार्यक्रम में सहभोज व प्रसाद का आयोजन भी हुआ, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने एक साथ प्रसाद ग्रहण कर सामाजिक समरसता और सनातन संस्कारों का संदेश दिया।

### तीन राष्ट्रीय महत्व के प्रस्ताव पारितः

बैठक में देश-विदेश की परिस्थितियों और हिंदू समाज से जुड़े विषयों पर गहन विमर्श के बाद तीन अहम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित अन्य देशों में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भारत सरकार से संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सशक्त पहल और आवश्यकता पड़ने पर कठोर कूटनीतिक कार्रवाई की मांग। भारतीय मुद्रा पर स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि महेश योगी के चित्र अंकित किए जाने का प्रस्ताव, ताकि भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों का वैश्विक संदेश जाए। न्यायालय परिसरों में विदेशी प्रतीकों के स्थान पर भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की प्रतिमा/चित्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव। बैठक में श्री चित्रगुप्त अखाड़ा की दिल्ली इकाई के अंतर्गत 9 जिलों का गठन किया गया। इस अवसर पर अखाड़े का नवीन कैलेंडर विमोचित किया गया तथा भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज अंकित 108 चांदी के सिक्कों का वितरण किया गया। यह वितरण अखाड़े के प्रमुख सचिव वेद आशीष की ओर से स्वामी चक्रपाणि जी महाराज की ओर से किया गया। कार्यक्रम में गाजियाबाद से अनुरंजन श्रीवास्तव को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। ब्रह्म ऋषि जय गोविंदाचार्य, नंदकुमार झा, राजकुमार बबलू एवं राजेंद्र मुरथलीय को सनातन रत्न सम्मान से नवाजा गया। बालक वसु श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे, जिन्हें स्वामी जी ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस दौरान डॉ. अरुण सिन्हा को चिकित्सा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उत्तराखंड से हिंदू युवा नेता चेतन शर्मा सहित विभिन्न राज्यों से आए हिंदूवादी युवाओं को भी स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। राष्ट्रभक्ति और सनातन चेतना से ओतप्रोत कविताओं व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भावविभोर कर दिया।

## दुकान का ताला तोड़ चोरी करने वाले दो शातिर 24 घंटे में गिरफ्तार

### बैटरी व स्टेफनी टायर बरामद, नशे की लत में करते थे वारदात

जयपुर टाइम्स



**बाड़ी(धौलपुर)।** बाड़ी थाना पुलिस ने चोरी की एक वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दुकान का ताला तोड़कर बैटरी, स्टेफनी टायर व अन्य सामान चुराने के आरोप में दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी नशे के आदी हैं और इसी लत को पूरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

यह कार्रवाई धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ. कमल कुमार व वृत्ताधिकारी बाड़ी महेंद्र मीना के निकटतम सुपरविजन और थानाधिकारी पुलिस थाना बाड़ी देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में की गई है। 14 जनवरी 2026 की मध्य रात्रि को ताहिर पुत्र बाबर की कार पेंटिंग व रिपेयरिंग की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर दुकान के अंदर रखी दो बैटरियां और एक स्टेफनी टायर चोरी कर ले गए। इस संबंध में 16 जनवरी को थाना बाड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीम का गठन किया। टीम ने घटना स्थल के आसपास व कस्बा बाड़ी में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। साथ ही माल और आरोपियों की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय इनपुट के आधार पर पुलिस ने 17 जनवरी को कस्बा बाड़ी स्थित महाराज बाग बस स्टैंड के पास से दोनों आरोपियों को धर दबोचा।

### यह है गिरफ्तार आरोपीः

गोविन्द उर्फ टल्ली पुत्र पप्पू (23), ठाकुर, निवासी ठाकुर पाड़ा, बाड़ी शेरा उर्फ दीपक पुत्र कल्ला सिंह जादौन (23), निवासी ठाकुर पाड़ा, बाड़ी दोनों आरोपियों से चोरी गया सामान बरामद कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के भी खुलासे हो सकते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा और शातिर अपराधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है।

## शिक्षक संघ एकीकृत धौलपुर की सभी इकाइयों की कार्यकारिणी भंग

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की धौलपुर जिला इकाई में बड़ा संगठनात्मक निर्णय लिया गया है। जिला अध्यक्ष मनोज पोसवाल ने प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार शिक्षक संघ एकीकृत की सम्पूर्ण जिला कार्यकारिणी एवं जिले की सभी ब्लॉक कार्यकारिणियों को भंग करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि धौलपुर जिले की नवीन जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र की जाएगी। मनोज पोसवाल ने बताया कि हाल ही में जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूरे राजस्थान में 10 दिनों के भीतर सभी जिला कार्यकारिणियों को भंग कर नई कार्यकारिणियों का गठन किया जाएगा। इसी क्रम में धौलपुर जिले में भी यह कदम उठाया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी प्रक्रिया के तहत धौलपुर जिले से प्रदेश कार्यकारिणी के लिए तीन पदाधिकारियों के नाम प्रस्तावित किए जाएंगे, जिन्हें जिला स्तर से प्रदेश नेतृत्व को भेजा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष रंजीत मीणा और संगठन महामंत्री चंद्रभान चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि जल्द ही पूरे प्रदेश में जिला व ब्लॉक स्तर की कार्यकारिणियों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा तथा सभी के सहयोग से संगठन का सदस्यता महा अभियान चलाया जाएगा। शिक्षक संघ के इस निर्णय को संगठन को अधिक सक्रिय, अनुशासित और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## रक्तदान शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** कस्बे के एसजीएन हॉस्पिटल में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का आयोजन युवा नेता महेश यादव विराटनगर विधानसभा के नेतृत्व में किया जा रहा है। शिविर के दौरान रक्तदान के साथ-साथ कई सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। महेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा।

## सुमेरपुर में कुमावत समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह आज

**सुमेरपुर(निस)।** कुमावत समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में आज रविवार को कुमावत समाज भवन में 23 वा प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित होगा। संस्थान अध्यक्ष नारायण गहलोत ने बताया कि समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष नारायण गहलोत ने बताया कि सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत होंगे और अध्यक्षता उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार करेंगे । समारोह के विशिष्ठ अतिथि अतिरिक्त शिक्षा अधिकारी जीवाराम टांक, डॉक्टर तेजाराम सोलंकी,डॉक्टर सावन कुमावत और मित्तल सेक्शन लिमिटेड कंपनी की सेक्रेटरी गुंजन तथा मंच संचालन ललित बड़वाल करेंगे। इसके अलावा जाति प्राप्त करने वाले समाज बंधुओ का भी शामिल होंगे इन सभी अतिथियों के साथ होनहार छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा पंचायत समिति कोटपूतली**

क्रमांकः- ग्रा.पं.ज./खु.बो. / 2025-26 / 145 दिनांक :- 16.01.2026

**खुली बोली सूचना - 4 / 2025-26**

ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों को सम्पादित करानें हेतु राजस्थान पंचायतीराज अधीनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग / जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जन संसाधन विभाग / नगर निगम एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित सीलबन्द लिफाफे में खुली बोली आमंत्रित की जाती है। बोली शुल्क, अमानत / धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व बोली विशिष्ठियां का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. PFE2526A0123
UBN No.- PFE2526WSOB00326

प्रशासक
ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा
पं. स. कोटपूतली

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा
पं. स. कोटपूतली

8

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
18 जनवरी, 2026

# भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल के जन्मदिवस पर उमड़ा स्नेह का सैलाब

**व्यापारिक व सामाजिक संस्थाओं ने किया भव्य अभिनंदन**

## सामाजिक सरोकारों और गंगानगर के विकास के लिए सदैव साथ खड़ा रहूंगा: कैलाश मेघवाल

जयपुर टाइम्स



**श्रीगंगानगर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल के जन्मदिवस के अवसर पर श्रीगंगानगर में अभूतपूर्व उत्साह और आत्मीयता देखने को मिली। शहर की तीन दर्जन से अधिक व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक व औद्योगिक संस्थाओं ने एकजुट होकर उनका भव्य अभिनंदन किया। यह समारोह नई धान मंडी स्थित ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी और नागरिक मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए कैलाश मेघवाल ने कहा कि वे केवल एक राजनीतिक पदाधिकारी ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े एक सामान्य कार्यकर्ता भी हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी समाज और शहर के हित से जुड़ा कोई कार्य होगा, वहां वे सदैव व्यापारिक और सामाजिक संस्थाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। मेघवाल ने कहा कि राजनीति के सफर में आमजन और कार्यकर्ताओं से मिलने वाला स्नेह और विश्वास उन्हें निरंतर नई ऊर्जा देता है। केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि श्रीगंगानगर के विकास के लिए जब भी उनकी आवश्यकता महसूस होगी, वे हर संस्था और हर वर्ग के साथ मिलकर 'विकसित गंगानगर' की परिकल्पना को साकार करने का पूरा प्रयास करेंगे। अपने अभिनंदन से अभिभूत कैलाश मेघवाल ने कहा कि गंगानगर आने पर उन्हें हमेशा अपनापन और स्नेह मिलता है, लेकिन जन्मदिवस पर जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ उनका स्वागत किया गया, वह उनके लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने सभी संस्थाओं और नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अवसर मिलने पर वे इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह ने कैलाश मेघवाल को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके सहज, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण कार्यकर्ताओं से उनका सीधा जुड़ाव है। यही वजह है कि पार्टी का हर कार्यकर्ता उन्हें अपने अग्रज के रूप में सम्मान देता है।

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आत्माराम तरड़ ने कहा कि एक शिक्षक से लेकर जननेता तक की यात्रा में कैलाश मेघवाल ने अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और प्रतिबद्धता से निर्वहन किया है। सभी वर्गों और आमजन से उनका जुड़ाव उन्हें निरंतर सफलता की ओर ले जाएगा और आने वाले समय में वे संगठन में और भी बड़े दायित्वों तक पहुंचेंगे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी व पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर गौड़ ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में मंचासीन अतिथियों की ओर से कैलाश मेघवाल को साफा पहनाकर, बड़ी माला और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम तरड़, ट्रेडर्स एसोसिएशन अध्यक्ष भूपेंद्र पाल आहूजा, इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष सत्य प्रकाश खेमका, भाजपा नेता शिव स्वामी, जिला महामंत्री प्रदीप धेरड़ एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप मंडा, रतन गणेशगढ़िया, चेष्टा सरदाना, शिव प्रकाश तेहरपुरिया, नगर मंडल पश्चिम अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, पंचायत समिति उप प्रधान बृजमोहन यादव, भाजपा नेता डॉ. बृजमोहन सहारण, अनवर खान, प्रताप सिंह शेखावत, क्रांति चुघ, राजकुमार सोनी, शिवलाल सैन, साहिल वधवा, तनु मोगा, गौरी माई, सैम कालड़ा, नवलकिशोर शर्मा, श्यामसुंदर सोनी, महेश जोशी, महेश जैन, प्रेम घोड़ेला, विशु मिड्ढा, सुभाष देवर्थ, आशीष राठौड़, श्रवण चावला, नरेश गर्ग, संजीव सैनी, पवन बंटी मौर्य, अमित खन्ना, विक्की सिवान, हिमांशु खन्ना, नीतीश खन्ना, सचिन पचेरवाल, रवि सोनी, हरजीत सोनी, चंद्र प्रकाश अरोड़ा, राहुल आबूपुरिया, मुख्तयार सिंह, राजेंद्र छाबड़ा, सुशील वर्मा, मांगीराज बायड़, अशोक धींगड़ा, जीपी सिंह, रामदेव मेघवाल, नरेश सोनी, जगदीश घोड़ेला, गंगाराम बंसल, श्रवण कुमार, चंद्रपाल वर्मा, सूरज सोनी, राहुल राणा व बंटी धमीजा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### इन संस्थाओं ने किया अभिनंदन

ट्रेडर्स एसोसिएशन श्रीगंगानगर (अध्यक्ष भूपेंद्र आहूजा, उपाध्यक्ष अमर सिंह मंडा), रीको इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (अध्यक्ष सत्य प्रकाश खेमका, सचिव चंद्रशेखर गौड़), बीज एसोसिएशन (अध्यक्ष रविंद्र यादव), राजस्थान सर्व कुम्हार महासभा (प्रदेश उपाध्यक्ष साधुराम भोभरिया), मानव जीव मित्र संरक्षण संस्था (अध्यक्ष आदराम कस्वां), अखिल भारतीय युवा नायक महासभा (अध्यक्ष सुशील नायक, मनोज नायक, दीपक नायक, जगदीश नायक, धन्नाराम नायक), राजस्थान ब्राह्मण महासभा (जिलाध्यक्ष पवन गौड़), मेघवाल समाज (अध्यक्ष किशोरी मेघवाल), अग्रवाल समाज (दीपक नागौरी, ओमप्रकाश गर्ग), प्रबंध समिति गौड़ ब्राह्मण सभा (अध्यक्ष रामवीर भारद्वाज, ज्ञान शर्मा), आदर्श जाट महासभा (जिलाध्यक्ष श्रीचंद चौधरी), जाटव समाज संस्था (अध्यक्ष रामजीलाल जाटव, अरविंद जाटव), परशुराम सेना (जिलाध्यक्ष हेमंत शर्मा), सारस्वत समाज (अध्यक्ष लीला शंकर सारस्वत), विद्यार्थी मित्र सेवा समिति (लोकेश मनचंदा, घनश्याम छिंपा), गुड़-खांड एसोसिएशन (अध्यक्ष कालीचरण अग्रवाल), संतोषी माता मंदिर मार्केट (अध्यक्ष रजनीश बहल), करणी सेना (अध्यक्ष यशपाल चौहान), यादव समाज संस्था (अमरचंद यादव), राजस्थान प्रदेश पंजाबी महासभा (अध्यक्ष विरेंद्र राजपाल), श्रीगंगानगर पेट्रोल डीलर एसोसिएशन (जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मोयल, सचिव प्रेमचंद लीला, उपसचिव नरेंद्र भाटी, डायरेक्टर देवेंद्र सिंह मग्गो), महिला शक्ति (डॉ. बबीता गौड़, प्रभा शर्मा, सुखविंदर कौर, लता चौधरी, मीनाक्षी शर्मा, राधा शर्मा, अंजू सैनी), लक्कड़ मंडी एसोसिएशन (अध्यक्ष रामकिशन अग्रवाल), भाजपा ओबीसी मोर्चा (जिला अध्यक्ष मनीराम स्वामी), महिला एवं बाल विकास विभाग राजस्थान की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुषमा बत्रा, राजस्थानी ईंट-भट्टा एसोसिएशन (प्रदेश अध्यक्ष रतन गणेशगढ़िया), महाराजा गंगा सिंह धरोहर व युवा मंडली (रोहित नायक, सुखपाल यादव व साथी), भाजपा नगर मंडल पूर्व, पश्चिम, अटल मंडल व देहात मंडल की टीमें, भाजपा पार्षद व पूर्व पार्षद, जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे। समारोह में सभी संस्थाओं की ओर से कैलाश मेघवाल को सम्मान प्रतीक और शाल भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## संस्कार केंद्र में बैग वितरण कार्यक्रम, पाकर खिले बच्चों के चेहरे



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर की ओर से संचालित श्री वाल्मीकि सरस्वती संस्कार केंद्र में समरसता के भाव के साथ बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्कार केंद्र में अध्ययनरत बच्चों को बैग वितरित करते ही बच्चों के चेहरे पर मुस्कान नजर आ रही थी। बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बैग वितरण का यह पुनीत कार्य लोकेश, संतोष एवं लक्ष्मी माटोलिया, नेहा, निशा की ओर से किया गया। इस अवसर पर केंद्र समिति के सदस्य हरिप्रसाद भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति उनके सराहनीय सामाजिक योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए भामाशाह बढ़ चढ़कर करें कार्य: महर्षि



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में श्री राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति की ओर से कम्बल स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीनाथ नगर गौशाला में हुए कार्यक्रम में उधोगपति ईश्वर चन्द्र तोदी व समाजसेवी प्रदीप कुण्डलिया के आर्थिक सहयोग से राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति के तत्वावधान से मुख्य अतिथि में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षी मुख्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में गोपाल मारू पूर्व चेयरमैन, जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, कैन्हया लाल शर्मा, पुनम चन्द गर्ग, राजकुमार बिनायकिया, दीनदयाल स्वामी मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में ज़रूरतमन्द परिवार को कम्बल स्वेटर वितरण किया गया। गौशाला समिति के मूलचंद सोनी गोरखाराम ने पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में खेमराज पारीक, इन्द्रचन्द देवड़ा, मुकेश मारू, कुलदीप स्वामी, राजेश गर्ग, मुकेश सैनी, राजेश भार्गव, भुनेश्वर शर्मा, अभय सोनी,धनपत शर्मा, रोहित मारू एडवोकेट, प्रमोद मारू, भजनलाल पारीक, तुलसीराम पाण्डे, नन्दलाल भाटी, गिरधारी बारूपाल, हंसराज बारूपाल, कालू माली, सावरमल खटीक, जुगल किशोर शास्त्री, बंजरग सैन सहित अनेक महिला पुरूष मौजूद रहे।

## जल मंदिर का लोकार्पण आज

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय मैत्री मंच व श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार स्वर्णसखि संस्थान सुजानगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जल मंदिर का लोकार्पण श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी ईश्वरी नंदगिरी के कर कमलों से किया जाएगा। मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्नेह प्रभा मिश्रा ने बताया कि यह जल मंदिर सुजानगढ़ के छापर रोड स्थित निराश्रित गौवंश चिकित्सालय को समर्पित किया जाएगा। पूर्व संध्या में कार्यक्रम की तैयारी व रूपरेखा के लिए आयोजित मीटिंग में मंच की संस्थापिका डॉ शर्मिला सोनी, डॉ जय श्री सेठिया, प्रमिला राठी डॉ प्रगति चौरडिया, ललिता तोषावड़, मधु अग्रोया, परीक्षित माली, प्रकाश चंद्र मायछ व प्रियांशु उपस्थित रहे।

# ब्रेन स्ट्रोक खतरनाक: समय पर पहचान तो बच सकता है जीवन

## देरी बनी तो बढ़ सकता है लकवे और मृत्यु का खतरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** ब्रेन स्ट्रोक एक गंभीर और अचानक होने वाली बीमारी है, जिसे अक्सर ब्रेन अटैक भी कहा जाता है। जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त का प्रवाह रुक जाता है या कोई रक्त नली फट जाती है, तो उस हिस्से तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती। इसके परिणामस्वरूप मस्तिष्क की कोशिकाएं तेजी से नष्ट होने लगती हैं और मरीज की जान को सीधा खतरा पैदा हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि स्ट्रोक के मामलों में समय पर पहचान और तुरंत इलाज ही जीवन रक्षक साबित होता है।

### दिमाग और शरीर का गहरा संबंध:

मस्तिष्क शरीर का नियंत्रण केंद्र है। हाथ-पैरों की गति, बोलना, समझना, देखना, याददाश्त, सोचने की क्षमता और संतुलन–सब कुछ मस्तिष्क के नियंत्रण में होता है। यही कारण है कि स्ट्रोक दिमाग में होता है, लेकिन उसका असर पूरे शरीर पर दिखाई देता है। कई मामलों में मरीज को लकवा, बोलने में दिक्कत या याददाश्त कमजोर होने जैसी समस्याएं हो जाती हैं।

### स्ट्रोक के मुख्य लक्षण:

चेहरे का एक तरफ झुक जाना
हाथ या पैर में अचानक कमजोरी या सूनापन, बोलने में परेशानी या शब्दों का साफ न निकलना
अचानक नजर कमजोर होना या चक्कर आना। विशेषज्ञ कहते हैं कि इनमें से कोई भी लक्षण दिखते ही बिना देर किए अस्पताल पहुंचना जरूरी है।

### समय क्यों है सबसे अहम

ब्रेन स्ट्रोक में हर मिनट मस्तिष्क की लाखों कोशिकाएं नष्ट हो सकती हैं। यदि समय रहते इलाज मिल जाए तो लकवे को रोका जा सकता है, बोलने और चलने की क्षमता में सुधार संभव है और कई मामलों में मरीज की जान बचाई जा सकती है।


### आधुनिक उपचार पद्धतियां

इस्केमिक स्ट्रोक में 4.5 घंटे के भीतर दवा देकर थक्का घोलने का इलाज किया जा सकता है। कुछ मामलों में 6 से 24 घंटे के भीतर कैथेटर की मदद से थक्का निकालने की प्रक्रिया अपनाई जाती है। हेमरेजिक स्ट्रोक में यदि कारण एन्यूरिज्म हो, तो कोइलिंग या क्लिपिंग से फटी नस को बंद किया जाता है, जिससे दोबारा खून बहने का खतरा कम होता है।

### जोखिम बढ़ाने वाले कारण:

कुछ जोखिम कारकों पर नियंत्रण संभव है–
हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान व शराब, मोटापा, तनाव और शारीरिक गतिविधि की कमी, जबकि कुछ कारण नियंत्रित नहीं किए जा सकते, बढ़ती उम्र, परिवार में स्ट्रोक का इतिहास, पुरुष होना, पहले से मौजूद हृदय रोग

### इलाज के बाद पुनर्वास भी जरूरी:



इलाज के बाद मरीज के लिए फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी और मानसिक सहयोग बेहद जरूरी होते हैं। सही और समय पर पुनर्वास से कई मरीज दोबारा चलने, बोलने और रोजमर्रा के काम करने में सक्षम हो जाते हैं। स्ट्रोक से बचाव के उपाय नियमित रूप से ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच धूम्रपान व तंबाकू से दूरी शराब का सीमित सेवन रोजाना व्यायाम और वजन नियंत्रण हृदय रोगों का सही इलाज तनाव कम करना और संतुलित आहार लेना।

**डॉ. एनसी पूनिया**
**निदेशक न्यूरो केयर हॉस्पिटल**

### *ब्रेन स्ट्रोक के प्रमुख प्रकार:*

*इस्केमिक स्ट्रोक: यह सबसे सामान्य है और लगभग 80 प्रतिशत मामलों में पाया जाता है। मस्तिष्क की किसी रक्त नली में थक्का जमने से रक्त प्रवाह रुक जाता है। हेमरेजिक स्ट्रोक: इसमें मस्तिष्क की कोई रक्त नली फट जाती है और दिमाग में खून भरने लगता है। यह अधिक खतरनाक माना जाता है। टीआईए (मिनी स्ट्रोक): इसके लक्षण कुछ समय में ठीक हो जाते हैं, लेकिन यह भविष्य में बड़े स्ट्रोक की गंभीर चेतावनी होता है।*

# सालासर में दिनदहाड़े बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर, पुलिस को नहीं मिल रहा

## धार्मिक नगरी की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** प्रसिद्ध धार्मिक नगरी सालासर में बाइक चोर गिरोह के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। सालासर के मैन बाजार से दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना सामने आई है, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित गोपालराम (ब्राह्मण) ने बताया कि उनकी दुकान ग्राम सालासर के मुख्य बाजार में स्थित है। वे रोज की तरह अपनी बाइक पुराना पटवार घर के सामने खड़ी कर दुकान पर चले गए थे। दोपहर बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने वहां से बाइक चोरी कर ली। बाइक नहीं मिलने पर आसपास की दुकानों और परिचितों से पूछताछ की गई, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। इसके बाद श्री हनुमान सेवा समिति व बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक व्यक्ति बाइक चोरी कर ले जाता हुआ साफ नजर आ रहा है। इसके आधार पर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया। बताया गया कि बाइक 11 जनवरी को चोरी हुई थी, लेकिन पुलिस की ओर से करीब तीन दिन बाद मामला दर्ज किया गया। अब घटना के पांच दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं। इससे आमजन में रोष है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सालासर जैसे बड़े धार्मिक स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और उनके वाहन अलग-अलग स्थानों पर खड़े रहते हैं। ऐसे में मुख्य बाजार से दिन के समय बाइक चोरी होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

## बास ढ़ाकान में क्यूरियस लाइब्रेरी का शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** तहसील के गांव बास ढ़ाकान में मकर संक्रांति पर बुधवार को खेमाराम सुंडा के पुत्रों ने अपने पिता की स्मृति में गांव में लाइब्रेरी का निर्माण करवाया। क्यूरियस लाइब्रेरी का शुभारम्भ अतिथियों ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में भागीरथ सिंह सुंडा ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य भोपाल सिंह ने लाइब्रेरी को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि खेमाराम सुंडा एक समाजवादी, लोकतांत्रिक विचारों, समतामूलक समाज की परिकल्पना वाले व्यक्तित्व के धनी थे। इस अवसर पर पूर्व उप सरपंच सुखदेव सिंह ढ़ाका ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर खेमाराम सुंडा के पुत्र सुरेश कुमार व पुत्री विद्योत्तमा ने भी अपने विचार साझा किए। लाइब्रेरी निर्माण में ग्राम विकास संगठन बास ढ़ाकान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरूष व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नशे के दुष्परिणामों के बारे में दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति समिति के तत्वावधान में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के निर्देशानुसार - नशे के दुष्परिणामों पर प्राचार्या विनीता चौधरी की अध्यक्षता में व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सुजला हॉस्पीटल के जनरल फिजिशियन डॉ. अक्षय कुमार ने विद्यार्थियों से नशे से शरीर में होने वाले विकारों और रोगों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की नशा मुक्ति समिति की ओर से नियुक्त दस नशा मुक्ति सखा/सखी को किट प्रदान किए गए। इस अवसर पर समस्त संकाय सदस्य, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वंयेसवक, अन्य विद्यार्थीगण मौजूद रहे। संचालन विजयसिंह ने किया। हरिलाल जांगिड़ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा आज

**चूरू(निस)।** स्थानीय शिव कॉलोनी स्थित वार्ड 31 व 32 में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 18 से 24 जनवरी तक किया जा रहा है। कथा को लेकर 18 जनवरी रविवार को प्रात: 11 बजे शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। पवन भगत ने बताया कि कलश यात्रा में राधा-कृष्ण व बालाजी महाराज की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। कथावाचक पं. पवन प्रसाद शास्त्री अपनी मधुर वाणी से स्थानीय भाषा में कथा का वाचन करेंगे। कलश यात्रा शिवालय से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होते हुए चमत्कारी गोगामेड़ी गोरखधाम पहुंचेगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 12:30 से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।